# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 15 ■ अंक - 272 ■ अम्बिकापुर, गुरूवार 24 अक्टूबर 2024 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com

### हमें तो अपनों ने लूटा, गैरों में कहां दम था

# करोड़ों की जमीन के मालिक आवेदन लेकर नहीं पहुंचे, इसलिए अधिकारियों से नहीं हुई मुलाकात

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** तस्वीर पुलिस अधीक्षक सरगुजा के कार्यालय की है। एक वृद्ध लाठी टेकते तो दूसरा झुकी कमर लिए जमीन के सहारे कार्यालय से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। ये ग्रामीण करोड़ों की जमीन के मालिक हैं, जो दर-दर भटकने मजबूर हैं। कोई शहर में भिक्षाटन कर रहा है, तो किसी को बची-खुची जमीन के लुटने का डर सता रहा है। बुजुर्ग पिछले दिनों पुलिस अधीक्षक सरगुजा के कार्यालय में अपना दुखड़ा सुनाने के लिए पहुंचे थे। बिना लिखित आवेदन के जब ये साहब से मिलने पहुंचे, तो इनका सामना दरबान से हुआ। उसने इन बुजुर्गों से आने का कारण पूछा,



तो उन्होंने साहब से मिलने के लिए आने की बात कही, लेकिन इनके पास ऐसा कोई आवेदन नहीं था, जिससे दरबान को माजरा समझ में आ सके। ऐसे में कलेक्टर और पुलिस कप्तान से मिलने की तमन्ना अधूरी रह गई। पुलिस अधीक्षक से मुलाकात नहीं होने का मलाल लिए चंद मिनटों में बाहर लौटे इन बुजुर्गों से बात करने पर पता चला कि वर्षों तक जिस भूमि के वे मालिक थे, उस पर आज उनके अपने ही हक जताकर उन्हें न घर का और न घाट का होने की स्थिति में ला दिए हैं। इनकी हालत बदतर हो गई है। आरा से आए ग्रामीण रामदीन ने बताया कि उसके पांच संतान् हैं। सभी को वह 6-7 एकड़ जमीन का बंटवारा कर दिया है। इसके बाद 35 डिसमिल जमीन अपने उपयोग के लिए बचाकर रखा था, जिस पर चौथे नंबर के पुत्र की नजर गड़ी है और वह उस जमीन पर पक्का मकान बनाने पर आमादा है। ग्रामीण ने कहा कि उसकी जमीन को उसके बेटे ने ही लूट लिया, जिस कारण उसे अपना शेष जीवन बिताने की चिंता सता रही है। इन्हीं हालातों से अवगत कराने वह आरा ग्राम के ही अपने उस मित्र नंदलाल के साथ पुलिस अधीक्षक को अवगत कराने आया था, जो कभी लगभग सात एकड़ जमीन का मालिक था। आज की तिथि में साथी नंदलाल अंबिकापुर में रहकर भिक्षाटन करता है। प्रशासन की पहल पर उसे समाज कल्याण विभाग की ओर से ट्राइसिकल मिल गई है, जिसमें घूम-घूमकर वह अपनी रोजी के जुगाड़ में रोजाना नजर आता है। नंदलाल बताता है कि गांव में पुश्तैनी 50 एकड़ से अधिक जमीन थी। उसके अविवाहित होने का फायदा उठाते हुए अपनों ने ही जमीन पर कब्जा कर लिया, जिससे उसे दर-दर की ठोकर खानी पड़ रही है।

# मार्गसूचक बोर्ड में धर्म विशेष का नारा लिखे बैनर को टांगा

### हिन्दू संगठनों ने जताई नाराजगी, पुलिस मौके पर पहुंचकर बैनर को निकलवाई

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर के अंबिकापुर-मनेन्द्रगढ़ मार्ग में अजिरमा फारेस्ट बेरियर पर बने मार्ग सूचक बोर्ड में एक धर्म विशेष से जुड़े नारा लेखन का बैनर टांगने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी जानकारी मिलने पर मौके पर विविध हिन्दू संगठन व स्थानीय लोग पहुंचे। इनके द्वारा की गई आपत्ति के बाद पुलिस ने उक्त बैनर को निकलवा दिया। शहर में उन्माद फैलाने जैसा कृत्य किसके द्वारा और किस मंशा से किया गया, इसे लेकर कई प्रकार चर्चाएं चल रही हैं।

जानकारी के मुताबिक गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मनेन्द्रगढ़ रोड में रेल्वे स्टेशन से पहले अजिरमा बुधवारी बाजार चौराहे पर स्थित वन विभाग के बैरियर के पास शासन के द्वारा विभिन्न शहरों की दूरी और मार्ग को इंगित कराने के लिए बोर्ड लगाया गया है। इसमें असमाजिक तत्वों के द्वारा इस्लाम जिंदाबाद लिखित बैनर को टांग दिया गया। मुख्य मार्ग में लगे इस बोर्ड में टंगे बैनर पर लोगों की नजर पड़ी तो लोगों ने धर्म विशेष से जुड़े नारे को इस प्रकार लगाने पर नाराजगी जताई। इस बोर्ड पर आवागमन करने वालों की नजर इसलिए भी पड़ती रहती है क्योंकि इसमें वाराणसी, इलाहाबाद, राबर्टगंज, वृद्धाश्रम, जरही, लटोरी सहित अन्य गंतव्य मार्गों के दिशा और दूरी की जानकारी का उल्लेख किया गया है। ऐसे में हर आने-जाने वाले की नजर ऊंचाई पर टंगे इस बैनर पर भी पड़ रही थी और



लोग इसे आपसी सौहार्द्र को बिगाड़ने की संज्ञा दे रहे थे। क्षेत्र व शहर के लोगों ने इसे उन्माद बढ़ाने वाला कदम बताते हुए इसकी जानकारी गांधीनगर पुलिस तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी। मामले की जानकारी पर हिन्दू संगठन से जुड़े कई लोग भी वहां पहुंचे और बैनर को लेकर आपत्ति जताई। इसकी जानकारी मिलने पर गांधीनगर थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई थी और रास्ते से आ रहे एक ट्रक को रूकवाकर उक्त बैनर को निकलवाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने पर गांधीनगर पुलिस की टीम ने बैनर को निकलवाया है और जप्त कर लिया है। पुलिस टीम द्वारा मामले में अग्रिम विवेचना की जा रही है।

### पेंशनधारकों का बनाया जाएगा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि डाक विभाग के अंतर्गत इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा पेंशनधारकों का डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र (डीएलसी) बनाया जाएगा। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में डाकघरों में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने का शुल्क मात्र 70 रुपये है। डाक विभाग द्वारा सरगुजा जिले के सभी गांव, ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर शिविरों के माध्यम से पेंशनधारकों का माह अक्टूबर से जनवरी-2025 तक के महीनों में वृहद स्तर पर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस हेतु संबंधित पेंशनधारक अपने नजदीकी डाकघर तथा मोबाइल नंबर 8881110123 पर संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# विधायक ने सरगुजा प्राधिकरण की बैठक में 19 करोड़ के विकास कार्यों का प्रस्ताव दिया

**छ.ग.फ्रंटलाइन लखनपुर।** सरगुजा विकास प्राधिकरण की बैठक सोमवार को हुई, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित सरगुजा संभाग के विधायकों की उपस्थिति रही।

बैठक में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र में सड़क, नाली निर्माण, विद्युतीकरण सहित अन्य मूलभूत विकास कार्यों के लिए 12 करोड़ 41 लाख रुपये का प्रस्ताव दिया है। वही अंबिकापुर ग्रामीण में अस्पताल, खेल मैदान, स्कूल भवन, सहित विभिन्न विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव दिया गया है। लखनपुर में तट बंध, पुलिया निर्माण, सीसी सड़क, अहाता निर्माण के लिए भी प्रस्ताव भेजा गया है। उदयपुर ब्लॉक में तट बंध, पुलिया निर्माण, सीसी सड़क के लिए प्रस्ताव दिए गए हैं। तीनों ब्लॉकों में इन निर्माण कार्यों के लिए 7 करोड़ 30 लाख 50 हजार का



प्रस्ताव अंबिकापुर विधायक द्वारा भेजा गया है। अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री कहा है कि विकास कार्य के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं की जाएगी। सभी कार्यों को प्राथमिकता से कराया जाएगा। विधायक ने कहा आने वाले समय में लोगों को बेहतर सुविधा मिले, इस दिशा में कार्य किया जाएगा।

# सेवा किटी समूह ने व्यवस्थित यातायात के मद्देनजर पुलिस को दिया 4 बैरीकेड

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** वरिष्ठ समाजसेविका वन्दना दत्ता के नेतृत्व में सेवा किटी समूह के सदस्यों ने यातायात सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात कार्यालय घड़ी चौक अंबिकापुर में सरगुजा पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल को चार बैरिकेड सौंपा। इस दौरान नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र से जुड़ी सेवा भावी महिलाओं के अलावा रक्षित निरीक्षक यातायात प्रभारी तृप्ति सिंह राजपूत, नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र के संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी मंगल पाण्डेय निर्देशक चिराग सोशल वेलफेयर सोसायटी एवं अजय तिवारी स्टेट कौंसिल मेम्बर आर्ट ऑफ लिविंग सह काउन्सलर नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र की उपस्थिति रही।



इसके उपरांत नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र में सरगुजा पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो के उपस्थिति में सेवा किटी समूह की संचालिका वन्दना दत्ता के द्वारा जनहित में किए जा रहे विविध कार्यों एवं अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि पुलिस मजबूत रहेगी तो समाज सुरक्षित रहेगा। नागरिक अपने सुरक्षा के प्रति सजग रहें। सेवा किटी समूह की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती संतोष पाण्डेय ने बताया कि सेवा किटी समूह में स्वस्फूर्त महिलाएं जुड़कर निरंतर जरूरतमंद लोगों की मदद कर रही हैं। नीलिमा गोयल एवं मधु चौदहा ने सेवा किटी समूह के गठन, कार्य प्रणाली एवं अब तक किए गए कार्य एवं अनुभवों को बताया। सरगुजा पुलिस अधीक्षक महोदय योगेश पटेल ने सेवा किटी समूह के बहनों को धन्यवाद देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि निश्चित ही सेवा किटी समूह के द्वारा निरंतर नि- स्वार्थ भाव से किया जा रहा विविध कार्य सराहनीय है। आप सभी के कार्यों से सामाजिक कार्यों में अन्य लोगों को आगे आने हेतु प्रेरणा मिलेगी। मंगल पाण्डेय ने कहा कि कोविड काल में उनके परिवार के सभी सदस्य अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती थे। उस विषम परिस्थिति में उनके परिवार को दस दिनों तक सेवा किटी समूह के द्वारा भोजन उपलब्ध कराया गया। इसके लिए वे और उनका परिवार सेवा किटी समूह का ऋणी रहेगा। अजय तिवारी जी ने कहा कि कोविड काल के दौरान सेवा किटी समूह के सदस्यों के द्वारा अन्नपूर्णा समूह के माध्यम से दो माह भोजन अपनी थाली से दिया जाता रहा है। अभी तक निरंतर जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। वे स्वयं इस पुनीत कार्य में सहभागी रहे हैं। रक्षित निरीक्षक यातायात प्रभारी तृप्ति सिंह राजपूत ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सेवा किटी समूह के सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा की। इससे कम्युनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवा किटी की लिलि बसु, नमिता चावला, अमिता सिंह, स्मिता तिवारी एवं सुनिता दास, नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र के समन्वयक अनिल कुमार मिश्रा एवं यातायात कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं आरक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

# प्राकृतिक आपदा में मृतक के वारिस को 48 लाख रुपए की राशि स्वीकृत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिले के अपर कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा में मृतक के वारिस को 48 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। तहसील रघुनाथपुर के बीरा निवासी बिसुन की मृत्यु आग में जलने से होने पर उनके वारिस विजय कुमार, तहसील अम्बिकापुर के जोगीबांध निवासी अमलदास की मृत्यु पानी में डूबने से उनके वारिस कामेश्वर दास, तहसील दरिमा के महेशपुर निवासी रामकुवंर की मृत्यु पानी में डूबने उनके वारिस शिवबरन, तहसील दरिमा के कर्रा निवासी तिलासों की मृत्यु पानी में डूबने से उनके वारिस छन्दन राम, तहसील लुण्ड्रा के करेसर निवासी मंझिनो की मृत्यु आग में जलने से होने पर उनके वारिस सुखन राम, तहसील बतौली के पथरई निवासी रश्मि पैंकरा की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस लक्ष्मण, तहसील बतौली के मंगारी निवासी प्रमिला दास की मृत्यु सांप के काटने से होने पर उनके वारिस इन्दरमति, तहसील बतौली के गहिला निवासी दिनेश की मृत्यु आकाशीय बिजली से होने पर उनके वारिस करलू, तहसील बतौली के मांजा निवासी सियाराम की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस मानकुवंर, तहसील सीतापुर के सोनतराई निवासी नान घासी की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस मनबसिया, तहसील सीतापुर के ढेकीडोली निवासी निकेश की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस देव शंकर एवं तहसील मैनपाट के परपटिया निवासी सविता की मृत्यु सांप के काटने से होने पर उनके वारिस कैलाश को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई।

### निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि अब 30 तक


**जरही।** नगर पालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम 16 अक्टूबर से प्रात: 10 से शाम 5 बजे तक एवं अंतिम तिथि 23 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित की गई थी। आयोग द्वारा इसमें एक सप्ताह की वृद्धि की गई है। ऐसे में दावा-आपति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक है।

## महिला बाल विकास विभाग के सचिव ने आंगनबाड़ी केंद्रों के सतत निरीक्षण के दिए निर्देश

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** महिला बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में सरगुजा संभाग के समस्त जिलों की संभागीय समीक्षा बैठक आहूत की गई। इस दौरान विभाग की संचालक तुलिका प्रजापति, कलेक्टर विलास भोसकर सहित सरगुजा संभाग के जिलों के महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में उन्होंने जिलेवार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की नियुक्ति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में नियम एवं शर्तों पर विशेष ध्यान दें। स्वीकृत पद के विरुद्ध भर्तियों के संबंध में विस्तृत चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि भर्ती पश्चात पोषण ट्रैकर में आईडी नियमित अपडेट अवश्य कराएं। श्रीमती आबिदी ने रिक्त पदों के विज्ञापन जारी करने से लेकर आवेदन पत्र प्राप्त होने, पात्रता सूची जारी करने सहित दावा आपत्ति के संबंध में जानकारी ली। बैठक में उन्होंने कहा कि अधिकारी आंगनबाड़ी केंद्रों का सतत निरीक्षण करें, पोषण-आहार एवं अन्य सुविधाओं की जांच कर उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करें। आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खुले। कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहें। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को नियमित रूप से लाना सुनिश्चित करें। सभी जिलों के जिला कार्यक्रम अधिकारियों से गंभीरतापूर्वक ढंग से मॉनिटरिंग करने कहा, उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं प्रतिदिन दो घरों में जाकर अभिभावकों को पोषण आहार संबंधी जानकारी दें। उन्होंने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसका ध्यान रखें। बैठक में श्रीमती आबिदी ने वजन त्योहार के क्रियान्वयन एवं बच्चे के वजन, ऊंचाई के मापन पश्चात ऑनलाइन एंट्री की जानकारी ली।

## सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में जिला स्तरीय रेड रिबन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन के संयुक्त तत्वाधान में उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग रएवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशानुसार जिला स्तरीय रेड रिबन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि गिरीश गुप्ता जिला परियोजना अधिकारी एवं प्राचार्य लाईवलीहुड महाविद्यालय अंबिकापुर रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी रासेयो रानी रजक व रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी प्रीति साहू के नेतृत्व में हुए रेड रिबन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आयोजन में 20 विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया।

# कलचुरी जायसवाल समाज की बैठक में समाज का पुनर्गठन

### अध्यक्ष बने उमेश जायसवाल, महिला मंच अध्यक्ष के लिए श्वेता गुप्ता का मनोनयन







**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कलचुरी जायसवाल समाज का महत्वपूर्ण बैठक 22 अक्टूबर, मंगलवार को जायसवाल भवन बौरी पारा में आयोजित किया गया। बैठक में समाज के संरक्षक श्याम लाल जायसवाल, हरिशंकर जायसवाल, विजय जायसवाल, पीएस कुमार, शिव कुमार जायसवाल, पार्षद रमेश जायसवाल, सुरेश प्रसाद जायसवाल, विजय गुप्ता, जवाहर लाल गुप्ता, कौंतेय जायसवाल के उपस्थिति में जायसवाल समाज का पुनर्गठन किया गया। इस दौरान जायसवाल महासभा के अध्यक्ष उमेश जयसवाल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया, साथ ही जायसवाल महिला मंच अध्यक्ष के लिए पूर्व पार्षद श्वेता गुप्ता को मनोनीत किया गया। युवा मंच के अध्यक्ष के लिए आयुष जायसवाल की नियुक्ति की गई। बैठक में आगामी भगवान सहस्त्रबाहुजी की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया और भव्य महारैली संभागीय स्तर पर आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से समाज के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारी भोला प्रसाद जायसवाल, नारायण प्रसाद जायसवाल, डॉ. प्रदीप जायसवाल, प्रोफेसर रमेश जायसवाल, मदन जयसवाल, सोहन जायसवाल, आकाश गुप्ता, दीपक जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, शशि जायसवाल, अंतू जायसवाल, कुंजबाला जायसवाल, सुधा जायसवाल, माधुरी जायसवाल, रश्मि जायसवाल, रीना जायसवाल, सरिता जायसवाल, ममता जायसवाल, सरोज जायसवाल, संध्या जायसवाल, आशिमा जायसवाल, अविनाश जयसवाल, विक्रांत जायसवाल, संदीप जयसवाल, सीनू, रोहित जायसवाल, राज कीर्ति जायसवाल, इंजीनियर हिमांशु जायसवाल सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित है।

# ये हंसीं वादियां, ओ री चिरैया पर थिरके युवा

### साई कॉलेज के कलाकारों ने टैलेंट प्रदर्शन कार्यक्रम में दी शानदार प्रस्तुति



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रायपुर टीव्हीएस कम्पनी की इवेंट मैनेजमेंट टीम और युवा गतिविधि के तत्वावधान में बुधवार को रंगारंग टैलेंट प्रदर्शन कार्यक्रम हुआ, जिसमें शास्त्रीय संगीत, सेमी क्लासिकल, भांगड़ा, नागपुरी, छत्तीसगढ़ी, बस्तरिहा पर युवाओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। एक राधा-एक मीरा दोनों ने दोनों ने श्याम को चाहा...की प्रस्तुति से सभी को अशिम वर्मा विभोर कर दिया। ये हंसीं वादियां...और ओ री चिरैया...से नीरवता और ध्वनि संयोजन की लाजवाब लयबद्धता मिली। मां तेरी चुनरिया लहराए और नमामि नमामि से भक्ति के साथ आवाज का तालमेल दिखा। आरंभ है प्रचंड... से तेज ध्वनि और वाद्ययंत्रों की युगलबंदी हुई। ढम-ढम ढोल बाजे..., बड़ी मुश्किल रे बाबा से तेज ध्वनि और कलाकारों की आवाज के साथ दर्शकों ने ताल से ताल मिलाया। भांगड़ा के साथ नृत्य का दौर प्रारंभ हो गया, जिसमें नागपुरी, छत्तीसगढ़ी, बस्तरिहा गीतों पर दर्शक जमकर थिरकते नजर आए।

### विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु 25 अक्टूबर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिला रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र अंबिकापुर के द्वारा 25 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे से सायं 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी नियोजक या देवी एसोसिएट फर्स्ट फ्लोर नियर बाबरा मोटर्स रिंग रोड नमनाकला अंबिकापुर के गणेश सिन्हा उपस्थित रहेंगे। इसके अंतर्गत असिस्टेंट सेल्स मैनेजर के 20 पदों पर भर्ती न्यूनतम योग्यता 12वीं उत्तीर्ण वेतनमान 12 हजार, एडवाइजर के 30 पदों पर भर्ती न्यूनतम योग्यता 10वीं उत्तीर्ण वेतनमान-कमीशन पर आधारित एवं ऑफिस ब्वाय के 01 पद यूनतम योग्यता 10वीं उत्तीर्ण वेतनमान-6 हजार की भर्ती की जानी है। इस प्रकार कुल 51 पदों की भर्ती किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प पूर्णत: नि:शुल्क है, नियुक्ति की शर्तों के लिए नियोजक स्वयं जिम्मेदार होंगे, कार्यालय की भूमिका इस पूरी प्रक्रिया में सिर्फ सुविधा प्रदाता के रूप में होगी। जिले के इच्छुक ऐसे समस्त आवेदक जो इन पदों हेतु योग्यता रखते हैं, वे अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज फोटो के साथ 25 अक्टूबर 2024 को प्रात: 11 बजे से अपरान्हं 03:00 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र गंगापुर में आयोजित प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए समन्वय और गुणवत्ता पर दें विशेष ध्यान : चिंतामणि

★ जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ( दिशा ) की बैठक सम्पन्न ★ केंद्र प्रवर्तित योजनाओं की गहन समीक्षा

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की गई और बेहतर कार्यान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। श्री महाराज ने दिशा समिति की बैठक में योजनाओं की प्रगति पर बिंदुवार चर्चा की और अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। सांसद श्री महाराज ने बैठक की शुरुआत में अधिकारियों को दीपावली की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ी और सरगुजिहा बोली के प्रोत्साहन पर जोर देते हुए कहा कि अधिकारी बैठक में इन क्षेत्रिय बोली का प्रयोग करें। उन्होंने अधिकारियों से सरगुजिहा में कहा कि वे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। समय-सीमा में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए श्री महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीबों के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लोगों तक सही तरीके से पहुँचना चाहिए। बैठक में मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन, विद्युत विभाग और अन्य प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की गई। श्री महाराज ने श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान करने पर जोर दिया और महिला स्व-सहायता समूहों को योजनाओं से जोड़कर अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग के संदर्भ में उन्होंने कहा कि ऐसे गांव जो विद्युत विहीन हैं उनकी सूची शीघ्र उपलब्ध कराई जाए और ग्रामीणों की विद्युत समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। सांसद ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए सिकल सेल बीमारी की जांच और स्क्रीनिंग में तेजी लाने तथा सभी स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। इसके अलावा, उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, फसल बीमा योजना, डिजिटल इंडिया, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम सहित अन्य योजनाओं पर भी चर्चा की।




सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने जिला विकास समन्वय समिति की बैठक समय पर आयोजित करने की बात कही और बलरामपुर से कुसमी मार्ग में निर्माणाधीन कंठीघाट सड़क के प्रगति की जानकारी लेते हुए इसे जल्द पूरा करने को कहा। उन्होंने नल-जल योजना के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को योजना बनाकर कार्य करने को कहा, ताकि सभी घरों में शुद्ध पेयजल पहुँच सके। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बैठक में अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया जिसके समाधान हेतु कलेक्टर श्री एक्का ने अधिकारियों को शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर बलरामपुर जनपद अध्यक्ष श्री विनय पैकरा, शंकरगढ़ जनपद अध्यक्ष श्री शिवशंकर मरावी, कुसमी जनपद अध्यक्ष श्री हुमंत सिंह, राजपुर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री धरम सिंह और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# लाईवलीहुड कॉलेज में 26 अक्टूबर को होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि जिले के शिक्षित बेरोजगार आवेदकों को निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए जिला स्तरीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज परिसर में 26 अक्टूबर 2024 को 11 बजे से 03 बजे तक किया जाएगा। आयोजित कैम्प में स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड एवं फीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी कंपनी उपस्थित होंगे। जिसमें फील्ड ऑफिसर के 55 पद एवं ऑफिस टीचर के 15 पदों हेतु भर्ती किया जाना है। उक्त पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उतीर्ण होना अनिवार्य है। महिला कर्मचारियों को स्थानीय जॉब दी जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में भाग लेने के लिए सभी आवेदक अपने सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर निजी क्षेत्र में नियोजन जुड़कर अपना भविष्य संवार सकते हैं।

# महाविद्यालय सिलफिली में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर




**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को नवीन उद्योग स्थापना एवं स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रोत्साहन हेतु विभागीय योजनाओं की जानकारी देने एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर स्वालंबन का आयोजन जिला प्रशासन के तत्वाधान में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा किया गया। जिसमें अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना और औद्योगिक नीति के संबंध में जानकारी विभागीय अधिकारियों द्वारा विस्तार से दिया गया। इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सूरजपुर के प्रबंधक जय सिंह राज द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजनाके अंतर्गत उद्योग एवं सेवा उद्यम स्थापना हेतु आवेदन की प्रक्रिया एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध जानकारी दी गई। प्रबंधक अवधेश कुशवाहा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की औद्योगिक नीति, नवीन उद्योग स्थापना और विभागीय सुविधाओं एवं लायसेंसिंग प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। चार्टर्ड एकाउण्टेंट मयंक गोयल द्वारा पीएमएफएमई, जीएसटी और आयकर के विषय में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक सिलफिली के शाखा प्रबंधक विवेक साकेत ने ऋण हेतु बैंकिंग प्रक्रिया के विषय में जानकारी दी गई।

# अवैध धान परिवहन पर की गई कार्यवाही, 56 बोरी अवैध धान सहित वाहन जब्त

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए आगामी दिनों में धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू होगी। इस संबंध में कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि धान के अवैध परिवहन एवं संग्रहण पर कड़ी नजर रखते हुए लगातार कार्यवाही करें तथा वास्तविक कृषकों से ही धान खरीदी की जाये। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में कृषकों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा ताकि किसान सुगमता से धान का विक्रय कर पायें।



इसी कड़ी में कलेक्टर श्री एक्का के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वाड्रफनगर श्री चेतन साहू के मार्गदर्शन में राजस्व व पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में तहसीलदार रघुनाथपुर श्री ईश्वर चंद यादव के द्वारा 01 पिकअप अवैध धान जब्त किया गया है। तहसीलदार ने बताया कि रात्रि एक बजे उत्तर प्रदेश से आ रही पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 डीबी 7175 में बलंगी निवासी राजू केशरी आत्मज हरि केशरी के द्वारा अवैध रूप से धान का परिवहन किया जा रहा था। वाहन की जांच के दौरान कुल 56 बोरी अवैध धान जब्त संबंधित थाने को सुपुर्द किया गया है।

# विधायक का तल्ख चेतावनी के साथ कडे तेवर, अधिकारियों और ठेकेदार को लगाई फटकार

कहा जनता ने चुन के भेजा है जनता को नहीं हो तकलीफ गुणवत्ता युक्त हो सड़क का निर्माण

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर से चंदौरा तक 14 करोड़ की लागत से बन रही 7 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण में हो रही अनियमितताओं को लेकर क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने अधिकारियों और ठेकेदारों पर कड़ा रुख अपनाया है। जनता के लिए यह सड़क एक बड़ी सौगात थी, लेकिन ग्रामीणों आम जनता की शिकायत पर खबरों में भ्रष्टाचार सड़क निर्माण की शिकायतों के प्रकाशन के बाद विधायक एक्शन मोड में आ गईं।

आज दिन के 12:00 बजे विधायक शकुंतला सिंह ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर, तथा सड़क का निरीक्षण करने पर कई तरह की अनियमित पाई गई सड़क का बेस सही नहीं था सड़क में बड़े-बड़े गिट्टी मिट्टी के साथ में डाले गए हैं। तथा कहानी-कहानी 20 मम का गिट्टी मिक्स किया गया है तथा सड़क का मानक के विपरीत कार्य हुआ है। जिस पर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों और ठेकेदारों के लोगों को जमकर फटकार लगाई और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में कमी व सड़क के बेस की खराब स्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए, और निर्माण सामग्री की लैब टेस्टिंग अनिवार्य की जाए। तथा कही कही जांच वाले स्थान पर मोटा थिकनेस कर दिया गया है सड़क घोटाई से लेकर डामरीकरण तक स्तरहीन है।



जनता की शिकायतों और विधायक के निरीक्षण के बाद, उच्च स्तर पर जांच के निर्देश दिए गए हैं। विधायक ने कहा कि भुगतान केवल गुणवत्ता जांच के बाद ही किया जाएगा और अनियमितता मिलने पर ठेकेदार और अधिकारियों पर सख्त वा कड़ी कार्रवाई होगी। तथा इस सड़क के गुणवत्ता को लेकर मुख्यमंत्री सहित पीडब्ल्यूडी मंत्री, पीडब्ल्यूडी के उच्च अधिकारियों से शिकायत भी करेंगे, जिससे गुणवत्तापूर्ण कार्य हो सके और जहां-जहां कार्य हुआ है जांच कर भुगतान में कमी की जाएगी, विधायक ने कहा कि शासन का पैसे का दुरुपयोग बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा आम जनता के लिए बनाई जा रही यह सड़क लंबे समय तक चले जनता यही चाहती है। अधिकारी और ठेकेदार की मिली भगत बिल्कुल नहीं बर्दाश्त की जाएगी।

वही इस मामले में पीडब्ल्यूडी के एसडीओ वा इंजीनियर ने भी कहा कि मामले की कड़ी जांच होगी तथा लैब टेस्टिंग के बाद ही भुगतान किया जाएगा तथा उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। तथा मेजरमेंट के हिसाब से भुगतान होगा। और लैब टेस्टिंग के लिए लगाए गए पदार्थ का जांच भेजा जाएगा तथा हर जगह थिकनेस जांच सहित नीचे का बेस का जांच परख किया जाएगा।

स्थानीय ग्रामीणों में निर्माण कार्य को लेकर गहरा आक्रोश है, और उन्होंने भी सड़क की गुणवत्ता की जांच की मांग की है। और कहा कि महज एक महीना में सड़क का निर्माण भी पूर्ण कर दिया जा रहा है। मौके भाजपा मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, मुकेश तायल, हरी गुप्ता, गुलाब मोहन तिवारी, अवधेश पांडे, मौके पर पत्रकार, ग्रामीण ,आम जनता, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, इंजीनियर, और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महाविद्यालय में जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास को किया याद



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में मंगलवार को जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक व आध्यात्मिक योगदान का एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मांदर के थाप के साथ कर्मा नृत्य करते हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि रितेश जायसवाल जन भागीदारी अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर, मुख्य वक्ता संत सिंह जिला संयोजक जनजाति गौरव समाज सूरजपुर अन्य वक्ता शिव सिंह जनजाति गौरव समाज सूरजपुर उपस्थित थे।स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डीपी कोरी ने कहा कि जनजाति समाज प्रकृति पुत्र हैं। जल, जंगल और जमीन के प्रति उनके लगाव से उन्हें प्रकृति पुत्र की संज्ञा मिली है। अंग्रेजों से देश को आजाद कराने में भी जनजाति समाज का गौरवशाली इतिहास है, जिसे सभी छात्र-छात्राओं को स्मरण करते रहना चाहिए। जनजाति समाज के बलिदान पर छत्तीसगढ़ी में उन्होंने मंच से कविता भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ के लोकगीत कर्मा और सुआ नृत्य प्रस्तुत किया गया।मनीषा अंजलि तिर्की द्वारा जनजाति समाज के ऐतिहासिक सामाजिक विषय पर अपना विचार प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता संत सिंह ने जनजाति समाज के वीर पुरुषों को याद कर छात्र-छात्राओं को उनके बलिदान को बताया।उन्होंने कहा कि जनजाति समाज मेहनती और परिश्रमी होते हैं, वे भीख नहीं मांगते और समाज उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। अन्य वक्ता शिव सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा शहीद गुंडाधुर शहीद वीर नारायण सिंह नागुल दौरला अनेक ऐसे जनजाति समाज से बलिदानी हुए हैं, जिन्हें आज के युवा पीढ़ी को हमेशा उनके बलिदान को याद रखना चाहिए। रितेश जायसवाल ने कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री जनजाति समाज से हैं। जनजाति समाज ने सदैव प्रकृति की रक्षा की है और उन्हीं का अनुशरण करते हुए आज के युवा को उनके पद चिन्ह पर चलना चाहिए। महाविद्यालय में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त देश के जनजाति समाज के झांकी की प्रदर्शनी लगाई गई थी। इस अवसर पर रंगोली, मेहंदी एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

# पालक शिक्षक बैठक हुआ संपन्न


**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**दतिमा मोड़।** जिला कलेक्टर सूरजपुर व जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर हर महीने में एक दिन शिक्षक पालक शाला विकास प्रबंधन समिति के उपस्थिती में बैठक करना रहता है जिसको लेकर आज संस्था संचालक रमेश गुप्ता के अध्यक्षता में दोनों विद्यालय चंद्रमनी पब्लिक स्कूल सुदामा नगर व चंद्रमनी विद्या मंदिर राजकिशोर नगर का बैठक आयोजित किया गया जिसमें शिक्षा गुणवत्ता,रख रखाव, शुद्ध पेयजल,साफ सफाई वेश भूषा आरटी में अध्ययन रत छात्र छात्राओं और शत प्रतिशत उपस्थिति को लेकर चर्चा किया गया जिसमें सभी पालको व शिक्षको न अपना अपना सुक्षाव दिया और सर्व सुविधायुक्त नवाचारी गतिविधियों से परिपूर्ण कक्षा संचालन पर जोर देने को कहा व शासन के निर्देशानुसार जनकल्याणकारी योजनाओं को सभी को अवगत कराया गया बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित संस्था संचालक रमेश गुप्ता, प्रधान पाठक उमेश गुप्ता, शिक्षिका आरती एक्का, अंजिता खेस, निर्मला मानिकपुरी, देव कुंवर, प्रमिला मेम, बृहस्पति, नील कुमारी, बजरंग गुप्ता, सुनिता, फुलेजेसिया टोप्पो, सुष्मिता लकडा, अपोलिना मेम, बुधराम, चंदरलाल, टेक राम, प्रताप, बलभद्र, शंशोधन, नरेंद्र, लखन मानिकपुरी, बुधन राजवाड़े, रूक्मणी, विश्वनाथ, तोलसाय, खलपति राजवाड़े, सीता, मिना, सोनकुवर, अक्षय पैकरा, कवल साय पैकरा, अयुब, सहित दर्जनों पालक जन उपस्थित थे।



# फाइलेरिया रोग प्रबंधन प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन में जिले के सभी 06 विकासखण्ड से चिन्हांकित फाइलेरिया मरीजों के लिए जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में प्रशिक्षण आयोजित कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बसंत कुमार सिंह द्वारा एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. स्नेहा श्री द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, उन्होंने बताया की एमएमडीपी किट के प्रतिदिन उपयोग कर फाइलेरिया मरीज अपने बीमारी को और बढने से काबू पा सकते हैं। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जो मच्छर से होने वाली बीमारी है अगर समय पर इसका इलाज नहीं होने से लोगों में दिव्यांगपन होने की संभावना हो सकती है इसलिए शासन ने फाइलेरिया के इलाज में बढ़ावा देते हुए इसे रोकने के प्रयास किये हैं। उन्होंने जिले के सभी मरीजों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए एमएमडीपी किट के इस्तेमाल के फायदों के सम्बन्ध में बताया। उन्होंने कहा कि मरीजों को एमएमडीपी किट के नियमित उपयोग से मरीज बीमारी के बढ़ोत्तरी पर काबू पा सकते हैं, लेकिन इसके लिये मरीजों को स्वयं जागरूक होना होगा तभी जाकर फाइलेरिया बीमारी से राहत मिलेगी।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बसंत कुमार सिंह ने बताया की फाइलेरिया ग्रसित अंगो की सफाई बेहद आवश्यक है, इसकी नियमित साफ-सफाई रखने से संक्रमण का खतरा नहीं रहता और सुजन में कमी आती है। इसके प्रति लापरवाही बरतने से अंग ख़राब होने लगते है, संक्रमण को बढ़ने से रोकने के लिए एमएमडीपी किट का उपयोग अवश्य करें।

प्रशिक्षण दौरान जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सुबोध सिंह, जिला कायक्रम प्रबंधक सुश्री स्मृति एक्का, सलाहकार व विकासखंड से एमआई व मलेरिया तकनिकी पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

# शानदार जल प्रबंधन के लिए यूपी को मिला राष्ट्रीय जल अवार्ड

## राष्ट्रपति मुर्मु ने किया सम्मानित

संवाददाता

लखनऊ। 22 अक्टूबर जल प्रबंधन और जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय जल पुरस्कार से नवाजा गया है। ग्रामीण इलाकों में घर-घर तक नल कनेक्शन पहुंचाने के साथ जल संरक्षण और जल प्रबंधन के क्षेत्र में शानदार काम के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में उत्तर प्रदेश को देश में दूसरा स्थान मिला है। मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने उत्तर प्रदेश को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश की ओर से नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव और आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से राष्ट्रीय जल पुरस्कार ग्रहण किया। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में उड़ीसा को पहला और गुजरात एवं पुडुचेरी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने हर घर तक नल से जल पहुंचाने की मुहिम में किए गए कार्यों और और जल संरक्षण की दिशा में किए गए अभिनव प्रयोगों की तारीफ की। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने भी उत्तर प्रदेश द्वारा बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में घर-घर तक नल कनेक्शन पहुंचाने और जल संरक्षण की दिशा में किए गए कार्यों को सराहा। जल संरक्षण और जल प्रबंधन के साथ-साथ उत्तर प्रदेश ने 2023 में सबसे तेजी से राज्य के 17900 गांवों को हर




घर नल से जल पहुंचाने का कीर्तिमान स्थापित किया था। 2023 में डायरेक्टर ग्राउंड वाटर और सचिव नमामि गंगे रहते हुए डॉ. बलकार सिंह ने जल संरक्षण और जल प्रबंधन के लिए कई अभिनव प्रयोग किए थे। जिसका लाभ जल प्रबंधन के साथ-साथ किसानों को सिंचाई में भी मिला।

प्रदेश में सिंचाई की व्यवस्था बेहतर करने के लिए कुल 6000 से अधिक चेक डैम और 1000 तालाबों का निर्माण किया गया। इसके अलावा जल संरक्षण के लिए 31360 सरकारी भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण किया गया। 2022 से 2023 में 5 ब्लॉक अतिदोहित और क्रिटिकल श्रेणी से हटाए गए।

साथ ही 34 शहरों के औसत भूजल स्तर में सुधार हुआ। प्रदेश में 27,368 पारंपरिक जल निकायों का पुनरुद्धार किया गया। 17279 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया। यही वजह थी कि राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार ग्रहण करने के लिए अपर मुख्य सचिव नमामि गंगे के साथ तत्कालीन डायरेक्टर ग्राउंड वाटर, सचिव नमामि गंगे डॉ. बलकार सिंह मौजूद थे। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना के तहत उत्तर प्रदेश 22 अक्टूबर, 2024 तक 2 करोड़ 27 लाख 77 हजार 194 ग्रामीण परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंच चुका है। जिससे 13.66 करोड़ ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मुहैया हो रहा है। इससे पहले हाल ही में राज्य स्वच्छता एवं पेयजल मिशन को इंटरनेशनल ट्रेड शो में बेस्ट डिस्प्ले अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था।

# देर से ही सही, जिनपिंग को आखिरकार मोदी की बात समझ में आ ही गयी

## आसान नहीं था चीनी सैनिकों को पीछे हटाना

एजेंसी

नई दिल्ली, लंबे तनाव के बाद आखिरकार भारत और चीन के संबंध सामान्य होते नजर आ रहे हैं। हम आपको बता दें कि भारत ने घोषणा की है कि भारतीय और चीनी वातार्कार पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त के लिए एक समझौते पर सहमत हुए हैं। इस समझौते को रूस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच संभावित मुलाकात से पहले पूर्वी लद्दाख में चार वर्षों से अधिक समय से जारी सैन्य गतिरोध के समाधान की दिशा में एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। हम आपको बता दें कि विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच पिछले कई हफ्तों तक हुई बातचीत के बाद इस समझौते को अंतिम रूप दिया गया और यह 2020 में पैदा हुए गतिरोध के समाधान का



मार्ग प्रशस्त करेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी बताया है कि भारतीय और चीनी सैनिक एक बार फिर उसी तरह से गश्त शुरू कर सकेंगे, जैसे वे सीमा पर टकराव शुरू होने से पहले करते थे और चीन के साथ सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई है।

हम आपको बता दें कि मोदी और जिनपिंग के रूस के काजान शहर में बिक्स शिखर सम्मेलन के इतर आज या बुधवार को द्विपक्षीय मुलाकात करने की संभावना है। समझा जाता है कि यह समझौता देपसांग और डेमचोक में गश्त की शुरूआत करेगा, क्योंकि दोनों इलाकों में कई मुद्दों को लेकर गतिरोध बरकरार था। हम आपको याद दिला दें कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद भारत और चीन के बीच संबंध निचले स्तर पर पहुंच गए थे। यह झड़प पिछले कुछ दशकों में दोनों पक्षों के बीच हुई सबसे भीषण सैन्य झड़प थी। पिछले कुछ वर्षों में कई दौर की सैन्य और राजनयिक वार्ता के बाद दोनों पक्ष टकराव वाले कई बिंदुओं से पीछे हट गए थे। हालांकि, बातचीत में देपसांग और डेमचोक में गतिरोध दूर नहीं किया जा सका।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफ्टी 25,013.85

# कुंदरकी सीट पर चार मुस्लिम उम्मीदवार के मैदान में होने से भाजपा गद्गद

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की नो विधान सभा सीटों पर चुनाव होना हैं इसमें से कुंदरकी विधान सभा सीट के लिये सपा और बीजेपी ने अभी तक अपने-अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा नहीं की है। सपा के लिये हमेशा से यह सीट फायदे का सौदा रही है। सपा मुस्लिम वोटों के सहारे यहां चुनाव आसानी से जीत जाती है, लेकिन इस बार बीजेपी मुस्लिम वोटरों में बिखराव के सहारे अपनी जीत सुनिश्चित करने में लगी है। सपा का गढ़ माने जाने वाली कुंदरकी विधानसभा सीट की राह 1993 के बाद से भाजपा के लिए हमेशा पथरीली रही है। सिर्फ 1993 में ही यहां कमल खिल सका है। 2012 से लगातार तीन चुनावों में साइकिल ही दौड़ती आ रही है। लंबे असरे बाद उपचुनाव लड़ रही बसपा ने रफतल्ला उर्फ नेता छिद्दा को प्रत्याशी घोषित किया है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारा है तो आजाद समाज पार्टी (आसपा) ने चांद बाबू को मैदान में उतारा है। कुंदरकी सीट पर सपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं यानी टिकट घोषित नहीं किए हैं. सपा से पूर्व विधायक हाजी रिजवान के चुनाव लड़ने की प्रबल उम्मीद है तो ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने यहां से मोहम्मद वारिस को उतारा है. इस तरह चार विपक्षी दलों से मुस्लिम कैंडिडेट मैदान में है, जिसके चलते मुकाबला मुस्लिम बनाम मुस्लिम कुंदरकी सीट का हो गया है।

# बहराइच हिंसा में भाजपा के नेता शामिल, ऐसा हिटलर के जमाने में होता था : अखिलेश यादव

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बहराइच में बीते दिनों हुई साम्प्रदायिक हिंसा के मुद्दे पर सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ सरकार के कुछ नेता हिंसा में शामिल थे और ऐसा जर्मनी के तानाशाह हिटलर के जमाने में होता था जब पुलिस को हटाकर दंगाइयों को हिंसा करने की खुली छूट दी जाती थी। यादव ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बहराइच हिंसा का ठीकरा भाजपा के सिर फोड़ते हुए कहा, बहराइच में दंगा करने का काम अगर किसी ने किया तो वे भाजपा के नेता थे। पार्टी के विधायक अपनी ही कार्यकताओं पर मुकदमा दर्ज कर रहे हैं और उसमें दंगे की साजिश की धाराएं शामिल हैं। उन्होंने मीडिया में जारी एक खबर का जिक्र करते हुए कहा, एक वीडियो भी वायरल हुआ है और मैं बधाई देना चाहता हूं उस पत्रकार को जिसने हिम्मत जुटाकर छुपे हुए कैमरे के वीडियो से जानकारी हासिल की। पुलिस प्रशासन मौके पर कई घंटों तक



मौजूद ही नहीं था और उन्हें (दंगाइयों को) खुली छूट दी गई थी। सपा प्रमुख ने कहा, इसी तरह से हिटलर काम करता था। हिटलर अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को पुलिस की वर्दी पहनकर आगे कर देता था। हिटलर के जमाने में यह होता था कि पुलिस को हटा दो और दंगा होने दो। उन्होंने आरोप लगाया कि यह घटना इसलिये करायी गयी क्योंकि भाजपा के लोग घबरा गए हैं। उनके पास महंगाई और बेरोजगारी का कोई जवाब नहीं है। वह आरक्षण छीन रही है। वह संविधान के तहत व्यवस्था को नहीं लागू होने देना चाहती। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने प्रदेश की नौ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में गड़बड़ी के लिये प्रशासनिक तंत्र के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए कहा, पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) परिवार के लोग सब एकजुट हो गए हैं।

यादव ने कहा, प्रदेश में कानून व्यवस्था इस हद तक बिगड़ गई है कि पुलिस के साथ ही घटनायें हो रही हैं। कानपुर में महिला कांस्टेबल से दुष्कर्म की बात हो या फिर पुलिसकर्मी के पास से 25 लाख रुपये की जब्ती। यह केवल एक जिले में नहीं बल्कि हर जिले में यही स्थिति है। उच्चतम न्यायालय द्वारा बहराइच में बुलडोजर की कार्रवाई पर रोक लगाई जाने के बारे में पूछे जाने पर सपा प्रमुख ने कहा, देखिए उच्चतम न्यायालय या जनता की अदालत जब तक भाजपा को नहीं हटाएगी तब तक न्याय नहीं मिलेगा।

**संक्षिप्त समाचार**

## 'पोस्टमॉर्टम की वीडियोग्राफी... एफएसएल की टीम करेगी क्राइम सीन की जांच'

### यूपी में एनकाउंटर को लेकर नई गाइडलाइन जारी



संवाददाता

लखनऊ। पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे जाने वाले अपराधियों का पोस्टमार्टम अब दो डॉक्टरों की संयुक्त टीम करेगी। साथ ही पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी। विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम घटनास्थल की फोटोग्राफी कर क्राइम सीन की जांच करेगी। इन साक्ष्यों को विवेचना में शामिल किया जाएगा।


डीजीपी प्रशांत कुमार ने उच्चतम न्यायालय व राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निदेशों का हवाला देते हुए सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि पुलिस मुठभेड़ में अपराधी की मृत्यु होने पर तत्काल उसके परिवार को सूचित किया जाए। साथ ही सूचना के माध्यम का अभिलेखीकरण भी किया जाए। उन्होंने कहा है कि मुठभेड़ स्थल की फोटोग्राफी विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम से करवाई जाए। इसके साक्ष्यों को विवेचना में शामिल किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि अभियोग की विवेचना संबंधित पुलिस थाने की बजाए क्राइम ब्रांच या दूसरे थाने से करवाई जाए। इस संबंध में डीजीपी की तरफ से जारी निर्देश में कहा गया है कि मुठभेड़ में घायल पुलिस कर्मचारी व अपराधी के शस्त्रों का भी परीक्षण किया जाए। साथ ही घायलों की मेडिकल रिपोर्ट को सीडी में सुरक्षित रखा जाए।

# बेंगलुरु में निर्माणाधीन इमारत गिरने से तीन लोगों की मौत

### 14 लोगों के फंसे होने की आशंका

एजेंसी

नई दिल्ली, मंगलवार को बेंगलुरु में एक निर्माणाधीन इमारत ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम 14 श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। यह घटना शहर के हेनूर इलाके में भारी बारिश के बीच हुई। अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं के सूत्रों ने पुष्टि की है कि उन्होंने तीन शव बरामद किए हैं। जीवित बचे लोगों या शवों को खोजने के लिए बचाव अभियान अभी भी जारी है। यह घटना मंगलवार को शहर के बाबूसाब पाल्या इलाके में हुई। इस बीच, बचाव दल ने अब तक 3



व्यक्तियों को सफलतापूर्वक बचाया है, और शेष लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं।

जानकारी के अनुसार, अधिकारी मौके पर हैं, और आपातकालीन सेवाएं फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए काम कर रही हैं। इमारत ढहने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, और आगे की जानकारी का इंतजार है। बेंगलुरु के पूर्वी हिस्से में होरामावु अगरा इलाके में एक इमारत ढहने के बाद कम से कम 17 लोगों के फंसे होने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, पूरी इमारत ढह गई जिसके बाद लोग इसके नीचे फंस गए, एक अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने पीटीआई को बताया। बचाव अभियान में अग्निशमन और आपातकालीन विभाग की दो बचाव वैन को लगाया गया है। यह इमारत उस दिन गिरी जिस दिन शहर के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। देश की आईटी राजधानी में मंगलवार को फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की पांच टीमों को तैनात किया गया था। उत्तरी बेंगलुरु में बारिश का सबसे ज्यादा असर देखने को मिला क्योंकि येलहंका और उसके आसपास के कई इलाकों में बाढ़ आ गई। बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के अनुसार, मंगलवार आधी रात से मंगलवार सुबह 6 बजे तक येलहंका में मात्र छह घंटे में 157 मिमी (छह इंच) बारिश हुई। येलहंका के केंद्रीय विहार में कमर तक पानी भरा हुआ था। बचावकर्मियों ने लोगों को डोली की मदद से बचाया। जलभराव के कारण उत्तरी बेंगलुरु में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लोगों ने घरों के अंदर रहना ही बेहतर समझा, जबकि कई यात्रियों की फ्लाइट, ट्रेन और बसें छूट गईं। जिन इलाकों में बाढ़ आई, वहां बच्चे स्कूल नहीं जा पाए। निचले इलाकों और झीलों के पास के कई घर जलमग्न हो गए।

# डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति बनीं मुख्य यजमान

संवाददाता

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में आठवें दीपोत्सव को भव्य और दिव्य बनाने की तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसी क्रम में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने दीपोत्सव-2024 को ऐतिहासिक बनाने के लिए 22 अक्टूबर मंगलवार को प्रातः 7 बजे राम की पैड़ी पर मुख्य यजमान के रूप में वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन अर्चन किया। इस पूजन में सरयू मन्दिर के पुजारी नेत्रजा मिश्र सहित अन्य ने विधि विधान से दीपोत्सव की सफलता के लिए पूजन कराया। कुलपति ने बताया कि प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से प्रांतीय दीपोत्सव का विश्व रिकॉर्ड बनेगा। श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद का होने वाले इस पहले दीपोत्सव के लिए भारतीय जनमानस सहित देश-दुनिया के लोग बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षारत हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है जिससे दीपोत्सव के वॉलेंटियर्स व पदाधिकारी 30 अक्टूबर को पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व पटल पर नया रिकॉर्ड स्थापित करेंगे।

# धमकी भरे फर्जी कॉल एक मजाक या किसी आतंकी साजिश का हिस्सा...

## भारतीय एयरलाइंस पर मंडरा रहा बड़ा खतरा!

### 30 फ्लाइटों को एक साथ बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी

नई दिल्ली, काफी समय से फर्जी कॉल और फर्जी मेल करके धमकी देने का सिलसिला काफी ज्यादा बढ़ गया है। लगातार फर्जी कॉल्स के कारण सफर करने वाले यात्रियों को काफी ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 30 उड़ानों को नई धमकियाँ मिलीं। वही बात करें तो एक सप्ताह में 120 से ज्यादा फर्जी कॉल आ चुके हैं। क्या यह सच में फर्जी कॉल है या फिर किसी प्रकार की साजिश का हिस्सा। लगातार आखिर ये फर्जी कॉल्स की धमकियां क्यों बढ़ती जा रही हैं।

### 30 उड़ानों को नई धमकियाँ मिलीं

ताजा घटनाक्रम को अगर देखा जाए तो सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक कम से कम मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर 30 उड़ानों को बम की धमकियों का सामना करना पड़ा। लक्षित उड़ानों में इंडिगो की 10, विस्तारा की 10 और एयर इंडिया की 10 उड़ानें शामिल थीं, जिन्हें इस अवधि के दौरान धमकियाँ मिलीं। कई फर्जी कॉलों से जुड़ी घटनाओं ने इस सप्ताह एयरलाइन को प्राप्त ऐसी धमकियों की कुल संख्या को 120 से ज्यादा कर दिया है।

### इंडिगो ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का तुरंत पालन किया

सबसे हालिया धमकियाँ जेद्दा, इस्तांबुल और रियाद जैसे प्रमुख गंतव्यों की उड़ानों को लक्षित करती हैं। इंडिगो ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का तुरंत पालन किया, यह सुनिश्चित किया कि सभी यात्री सुरक्षित रूप से उतरें और अधिकारियों को सतर्क किया जाए।

### यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतारा गया

प्रभावित उड़ानों में मंगलुरु से मुंबई जाने वाली उड़ान 6E 164 भी शामिल थी, जिसे सुरक्षा अलर्ट मिला था। यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतारा गया और पूरी सुरक्षा जाँच की गई। इसी तरह, अहमदाबाद से जेद्दा जाने वाली फ्लाइट 6E 75 को लैंडिंग के बाद आइसोलेशन बे में ले जाया गया, जहां मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करते हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंची

एजेंसी

नई दिल्ली, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, मंगलवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई, सुबह 8 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 385 दर्ज किया गया। आनंद विहार, कालकाजी, नेहरू प्लेस और अक्षरधाम मंदिर जैसे इलाकों में कोहरे की मोटी परत देखी गई, जिससे शहर की वायु गुणवत्ता लगातार खराब होती गई।

गाजीपुर इलाके में भी धुंध छाई रही, जिससे दृश्यता और भी खराब हो गई। सीपीसीबी ने शहर की हवा को 'बहुत खराब' श्रेणी में रखा है, जिससे निवासियों, खासकर सांस की बीमारी से पीड़ित लोगों के स्वास्थ्य पर संभावित प्रभाव की चेतावनी दी गई है। अगर मौसम की स्थिति प्रतिकूल रही तो प्रदूषण का स्तर ऊंचा रहने की उम्मीद है। कर्तव्य पथ पर आने वाले सैफ ने कहा, इन महीनों में खासकर



अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर में सभी को सांस लेने में दिक्कत होती है। सरकार प्रदूषण को रोकने के लिए सही कदम उठा रही है। दिल्ली में स्थिति ऐसी है कि अगर समय रहते सही कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में काफी परेशानी हो सकती है। इससे पहले सोमवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने समग्र एक्यूआई के 'बहुत खराब' श्रेणी में आने के बाद दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी-कक) के कार्यान्वयन का आदेश दिया था। सीपीसीबी के दैनिक एक्यूआई बुलेटिन के अनुसार, दिल्ली में दैनिक औसत एक्यूआई 310 दर्ज किया गया। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, आईएमडी/आईआईटीएम द्वारा उपलब्ध कराए गए मौसम/मौसम संबंधी स्थितियों और वायु गुणवत्ता के लिए गतिशील मॉडल और पूवार्नुमानों के अनुसार, प्रतिकूल मौसम संबंधी और जलवायु परिस्थितियों के कारण आने वाले दिनों में दिल्ली का दैनिक औसत एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी (एक्यूआई 301-400) में रहने की संभावना है। सीएक्यूएम की उप-समिति ने निर्णय लिया कि 'बहुत खराब' वायु गुणवत्ता के लिए जीआरएपी के चरण कक के तहत सभी कार्रवाइयों को एनसीआर में संबंधित एजेंसियों द्वारा लागू किया जाना चाहिए। यह वायु गुणवत्ता को और अधिक खराब होने से रोकने के लिए है।

जीआरएपी के दूसरे चरण के लागू होने के साथ ही, एनसीआर में 11 सूत्री कार्ययोजना लागू की जा रही है। इस योजना में पहचानी गई सड़कों पर यांत्रिक/वैक्यूम स्वीपिंग और पानी का छिड़काव, निर्माण और विध्वंस स्थलों पर गहन निरीक्षण और निर्दिष्ट स्थलों पर एकत्रित धूल का उचित निपटान शामिल है।

## सम्पादकीय

# कश्मीर को आतंकमुक्त करने के तेज प्रयास हों

कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ भारत को और कड़ा कदम उठाना होगा। करीब 9 वर्ष से जारी ऑपरेशन क्लीन के बावजूद घाटी आतंकमुक्त नहीं हो सका है। इसके और तेज प्रयास किया जाना चाहिए। यह तय है कि आतंकवाद के पीछे सीमा पार की ताकत है और वह वर्षों से इसी पैटर्न पर है, इसलिए भारत को अपनी रणनीति में सभी पहलुओं को शामिल करना होगा। सीमा पर के आतंकी ठिकानों पर भी कड़ा प्रहार करना होगा। बेशक यह कठिन और लंबा रास्ता है, पर भारतीय सुरक्षा बलों को कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़नी ही होगी। अभी वहां विधानसभा चुनाव हुए हैं, चुनी हुई नई सरकार अस्तित्व में आई है और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के कार्यभार संभालते ही गांदरबल में बड़ा आतंकी हमला हुआ है। उमर गांदरबल से विधायक भी हैं। यह आतंकवादी हमले उमर सरकार के बनने और पाकिस्तान की ओर से भारत से वार्ता की पहल के संकेत आने के बाद हुए हैं। दस साल बाद हुए चुनाव के बाद आई नई सरकार के लिए प्रदेश को सुरक्षित बनाना चुनौती रहेगी। सीएम उमर ने आतंकवादी हमले को उग्रवादी हमले बता कर बड़ी घटना पर हल्की प्रतिक्रिया दी है, उमर को प्रतिक्रिया देने में शब्दों के चयन पर ध्यान देना चाहिए। इससे गलत संदेश जाएगा। जम्मू कश्मीर के गांदरबल में आतंकी हमले में सात लोगों की मौत हुई है। धारा 370 के अधिकांश प्रावधान के हटने के बाद से कश्मीर में आतंकी हमले में बाहरी मजदूर व पर्यटक निशाने पर रहे हैं। कश्मीर में आतंकी हमला का एक पैटर्न भी है, जब भी स्थिति बेहतर होने लगती है, आतंकी गुट हमला करते हैं। या फिर जब पाकिस्तान सरकार भारत के साथ मैत्री के रास्ते तलाशने लगती है, तब पाक में सक्रिय आतंकी गुट कश्मीर में आतंकी हमला करवाते हैं। अभी एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) की बैठक में हिस्सा लेने विदेश मंत्री एस जयशंकर पाकिस्तान गए थे, इस दौरान द्विपक्षीय वार्ता नहीं हुई, पर पाक व भारत की ओर से भाषणों में तल्खी से बचा गया और पाक पीएम शाहबाज शरीफ ने अपने भाषण में कश्मीर का जिक्र नहीं किया। इसके बाद पाक के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की ओर से भारत से वार्ता की आकांक्षा संबंधी बातें कही गईं। पाक एस्टब्लिशमेंट यानी आईएसआई और फौज को कभी यह गंवारा नहीं होता कि पाकिस्तान की चुनी हुई सरकार भारत के साथ रिश्ते सुधारने की पहल करे। यह स्थिति पाक के पूर्व पीएम लियाकत अली के समय से है। जब-जब पाकिस्तान की सरकार ने भारत से संबंध सुधारने की बात की, पाकिस्तान एस्टब्लिशमेंट ने आतंकी हमले के जरिये इसे डिरेल की। यह पाक एस्टब्लिशमेंट ही है, जिसके दबाव के चलते पाक के पूर्व राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ आगरा से बीच में वार्ता छोड़कर चले गए थे। पाक एस्आब्लिशमेंट किन विदेशी ताकतों के इशारे पर चलते हैं यह अब छिपी हुई नहीं है। पाक फौज भारत से अलग होकर पाकिस्तान बनने के समय से भारत के खिलाफ दुश्मनी पाली हुई है और इस दुश्मनी के चलते अपने ही मुल्क पाक को आतंकवादी गुटों का पनाहगाह बना दिया, जिसका दंश अब पाक खुद झेल रहा है। भारत का स्टैंड साफ है, पाक पहले भारत के खिलाफ आतंकवाद बंद करे, फिर शांति वार्ता के लिए आएं। भारत सीमा पार आतंकी घुसपैठ व आतंकी हमले से पीड़ित है। भारत कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहा है, लेकिन अब हल्लाबोल की जरूरत है। भारत को सीमा के अंदर व बाहर दोनों तरफ के आतंकी ठिकानों के खिलाफ मोर्चा खोलना पड़ेगा। गादंरबल में कायराना आतंकी हमला निंदनीय है, शर्मनाक है, अस्वीकार्य है। भारत को आतंकवाद के खिलाफ इतना कड़ा संदेश देना होगा कि किसी को भी भारत के खिलाफ सोचने में भी डर लगे।



सियासत

उमेश चतुर्वेदी

> लोहिया और जयप्रकाश मानते थे कि सत्ता में दलों का बदलने की बजाय जरूरी है कि तंत्र में बदलाव लाना। फिलहाल प्रशांत तंत्र में ही बदलाव का दावा कर रहे हैं। इसी वजह से उनके प्रशंसकों की संख्या बढ़ी है, लेकिन वे ऐसा तभी कर पाएंगे, जब उन्हें बिहार की जनता 2025 के विधानसभा चुनावों में उन्हें मजबूत समर्थन देगी। वे तंत्र तभी बदल पाएंगे, जब उनके पास पारंपरिक राजनेता नहीं होंगे, बल्कि राजनीति का सुचिंतन वाला नया खून उनके पास होगा। फिलहाल निर्णायक भूमिकाओं में जो दिख रहे हैं, वे पूर्व नौकरशाह हैं। नौकरशाह आम नेताओं की तरह जनता की परवाह ज्यादा करेंगे। सवाल यह है कि प्रशांत इस नजरिए से सोच भी रहे हैं या नहीं?

# क्या प्रशांत को जनसमर्थन मिलेगा

पटना का ऐतिहासिक गांधी मैदान तमाम रैलियों का गवाह रहा है, लेकिन इस मैदान में आधी सदी के अंतर पर हुई दो रैलियों में कम से कम बिहार की अवाम एक समानता देख रही है। पांच जून 1974 को 72 साल के बुजुर्ग जेपी ने संपूर्ण क्रांति का नारा देकर इंदिरा की सर्वशक्तिमान सत्ता को उखाड़ने की पूर्व पीठिका रच दी थी। इस बार इंदिरा की सत्ता उखाड़ने जैसा कोई लक्ष्य तो नहीं है, लेकिन गांधी जयंती के अगले दिन तीन अक्टूबर को 47 साल के प्रशांत किशोर से बड़ी उम्मीदें लगा रखी हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या प्रशांत किशोर अपनी पार्टी के जरिए जनसुराज की बयार बिहार की धरती पर बहा पाएंगे या फिर बदलाव की राजनीति का दावा करने वाले दूसरे लोगों की तरह वे भी पारंपरिक राजनीति का ही हिस्सा बन जाएंगे? वैसे बिहार में ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जिन्हें ठीक उसी तरह प्रशांत किशोर से उम्मीद नहीं है, जैसी नाउम्मीदी पारंपरिक दलों से है।

बिहार की राजनीति के संदर्भ में प्रशांत किशोर की राजनीतिक पारी की पड़ताल करने से पहले एक सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या वे बिहार की राजनीति में तीसरा स्तंभ भी बन पाएंगे? बिहार में यूं तो छोटे-बड़े कई राजनीतिक दल हैं, लेकिन मोटे तौर पर राज्य की राजनीति दो खेमों में बंटी हुई है। राष्ट्रीय जनता दल की अगुआई वाले गठबंधन में तमाम तरह की वैचारिकी वाले कई दल शामिल हैं, जिनमें देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी तो है ही, वामपंथी दल भी हैं। वहीं दूसरी ओर भाजपा की अगुआई में नीतीश कुमार का जनता दल (यू), जीतनराम मांझी की हम, उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी शामिल हैं। इस दो खेमे की राजनीति के बीच में यह सवाल उठना वाजिब है कि क्या प्रशांत किशोर इन दोनों गठबंधनों के बीच अपनी तीसरी राह बना पाएंगे? बिहार की राजनीति का जब भी संदर्भ आता है, गर्व भाव से उसे याद किया जाता है। प्रथम स्वाधीनता संग्राम में बिहार के बेटे ने कुंवर सिंह ने जहां देश को नई दिशा दिखाई, स्वाधीनता संग्राम में जयप्रकाश नारायण ने भी नौजवानों को उसी अंदाज में जगा दिया था। इन्हीं जयप्रकाश को दूसरी आजादी के नायक का भी सम्मान हासिल है। बिहार की राजनीति का जब भी बखान होता है, तब इन ऐतिहासिक चरित्रों के हवाले से यह दावा जरूर किया जाता है कि बिहार की राजनीति भविष्य की राजनीति को प्रभावित करती है। इसे उलटबांसी ही कहा जा सकता है कि जिस बिहार की धरती का गौरवबोध वैशाली के गणतंत्र से भर उठता है, जिसे बुद्ध और महावीर की धरती का गौरव हासिल है, उसी बिहार की धरती आज के दौर में जातिवादी राजनीति में ही अपना आज का गौरव ढूंढने में गर्व महसूस करती है। बिहार की राजनीति को लेकर गर्वबोध से भरा रहने वाला समाज भी धरातली सोच में जातिवादी बोध को अलग नहीं कर पाता। फिर भी बिहार में एक वर्ग ऐसा भी है, जो बिहार के मौजूदा पिछड़ेपन से चिंतित रहता है। जिसे इस यह बात सालती है कि उसके राज्य के हर गांव की जवान आबादी का बड़ा हिस्सा दुनियाभर में दिहाड़ी मजदूर बनने को मजबूर है। इसी वर्ग



की उम्मीद बनकर प्रशांत किशोर उभरे हैं। प्रशांत किशोर से आस लगाए वर्ग को बिहार की दरिद्रता, बिहारी लोगों का राज्य के बाहर मिलने वाला अपमान सालता है। इसलिए वे चाहते हैं कि प्रशांत किशोर उभरें और राज्य की जाति-धर्म वाली राजनीति को बदलें। किसी भी नया काम करने वाले की समाज पहले हंसी उड़ाता है, इसके बावजूद अगर वह रुका नहीं तो उसे कुछ उपलब्धियां हासिल होने लगती हैं। इससे समाज के स्थापित प्रभु वर्ग को परेशानी होने लगती है। तो वह उन उपलब्धियों की अनदेखी करने लगता है। फिर भी व्यक्ति रुकता नहीं तो उसकी उपलब्धियों को वही समाज नोटिस लेने लगता है और आखिर में उसे सर आंखों पर बैठा लेता है। प्रशांत किशोर इस प्रक्रिया के दो चरणों को पार कर चुके हैं। अब उनकी उपलब्धियों का बिहारी राजनीतिक दल नोटिस लेने लगे हैं। हालांकि उन्हें बार-बार पांडेय बताकर जातिवादी त्रिशूल से उन्हें बेधने की राजनीतिक कोशिश भी हो रही है। उनके ब्राह्मण होने का प्रचार बार-बार आरजेडी की तरफ से हो रहा है। जिसका पूरा राजनीतिक वजूद ही मुस्लिम और यादव समीकरण पर टिका है।

प्रशांत किशोर ने दो साल तक लगातार बिहार की पदयात्रा की है। जनसुराज यात्रा के नाम से हुई इस यात्रा के जरिए उन्हें ज्यादातर उत्तरी बिहार को अपने कदमों तले नापा है। इसके जरिए उन्होंने अपना बड़ा समर्थक वर्ग तैयार किया है, जिसमें जाति और धर्म से इतर सोचने वाले युवाओं की अच्छी-खासी फौज है। तीन अक्टूबर को पटना के गांधी मैदान में इस वर्ग की उपस्थिति जहां प्रशांत किशोर से आस लगाने का आधार उपलब्ध कराती है तो बिहार के दूसरे पारंपरिक दलों के लिए चिंता का सबब भी बनती है। राजनीतिक दल उससे ज्यादा चिंतित होते हैं, जिनसे उनके पारंपरिक आधार वोट बैंक के छीजने का खतरा ज्यादा होता है। लेकिन प्रशांत किशोर हर वर्ग के उन युवाओं के प्रेरणा केंद्र बनते दिख रहे हैं, जिनके लिए बिहार का बदलाव प्राथमिक लक्ष्य है। जिन्हें यह बदलाव मेरिट पर होने की उम्मीद है, लेकिन क्या प्रशांत किशोर इस जाति-धर्म की राजनीति से सचमुच दूर हैं? बिहार की राजनीति पिछली सदी के नब्बे के दशक से कमंडल और मंडल खेमे के बीच झूलती रही है। जाति और धर्म की अनदेखी करने का दावा करने वाले प्रशांत किशोर इससे आगे दलितवाद की ओर आगे बढ़ते दिख रहे हैं। दिलचस्प यह है कि उनकी टीम में केजरीवाल की टीम जैसे पूर्व नौकरशाह और समाजसेवी की भीड़ दिखती है। जनता दल, राष्ट्रीय जनता दल के सांसद रहे देवेंद्र यादव, जदयू के पूर्व राज्यसभा सांसद एवं पूर्व राजनयिक पवन वर्मा, पूर्व राजनयिक मनोज भारती प्रशांत किशोर के सहयोगी हैं। देवेंद्र यादव के सितारे इन दिनों गर्दिश में हैं तो पवन वर्मा को बाद के दिनों में नीतीश ने भाव नहीं दिया। जिस तरह केजरीवाल की राजनीति से उन लोगों ने ज्यादा उम्मीद लगाई और साथ दिया, जिन्हें पारंपरिक दल तवज्जो नहीं देते थे, कुछ वैसा ही हाल प्रशांत की नवेली पार्टी का भी दिख रहा है। ऐसे में शक की गुंजाइश बढ़ जाती है कि प्रशांत भी ताकत पाकर कहीं अवसरवादी राजनीति की कॉपी ना बन जाएं।

लोहिया और जयप्रकाश मानते थे कि सत्ता में दलों का बदलने की बजाय जरूरी है कि तंत्र में बदलाव लाना। फिलहाल प्रशांत तंत्र में ही बदलाव का दावा कर रहे हैं। इसी वजह से उनके प्रशंसकों की संख्या बढ़ी है, लेकिन वे ऐसा तभी कर पाएंगे, जब उन्हें बिहार की जनता 2025 के विधानसभा चुनावों में उन्हें मजबूत समर्थन देगी। वे तंत्र तभी बदल पाएंगे, जब उनके पास पारंपरिक राजनेता नहीं होंगे, बल्कि राजनीति का सुचिंतन वाला नया खून उनके पास होगा। फिलहाल निर्णायक भूमिकाओं में जो दिख रहे हैं, वे पूर्व नौकरशाह हैं। नौकरशाहों को लेकर यह मानने में हर्ज नहीं है कि वे आम नेताओं की तरह जनता की परवाह ज्यादा करेंगे। सवाल यह है कि प्रशांत किशोर इस नजरिए से सोच भी रहे हैं या नहीं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जयंती

कृष्ण प्रताप सिंह



# अदम गोंडवी: 'अपनों' पर भी चलाए तंजों के तीर

जनकवि अदम गोंडवी को (22 अक्टूबर, 1947-18 दिसम्बर, 2011) आमतौर पर इस बात के लिए याद किया जाता है कि वे जीवनभर दलित व वंचित तबकों की आवाज बने रहकर और बेबाक होकर सत्ताओं से उनके सवाल पूछते रहे। इसके लिए जरूरी हुआ तो अभिव्यक्ति के सारे खतरे उठाने, मठ व गढ़ सब तोड़ने, यहां तक कि 'अपनों' को नाराज करने से भी परहेज नहीं किया। याद कीजिए, अपने वक्त में अ दम का सबसे बड़ा और सबसे तल्ख सवाल कौन-सा था? सौ में सत्तर आदमी जब देश में नाशाद है, दिल पे रखकर हाथ कहिये देश ये आजाद है? उनकी विशेषता यह कि वे इसे दूसरों से ही पूछकर नहीं रह गये थे, खुद से भी पूछा था और जल्दी ही इस निष्कर्ष पर पहुंच गये थे कि सौ में सत्तर आदमी इसलिए नाशाद हैं, क्योंकि जिस रामराज्य का वे सपना देख रहे थे, उसका वेश बदलकर किसी और आंगन में उतार लिया गया है। तब उन्होंने लिखा: काजू भुने पलेट में ह्विस्की गिलास में, उतरा है रामराज विधायक निवास में। दरअसल, उनके कवि का बड़प्पन ही इसी बात में है कि उसने दारुण से दारुण परिस्थितियों में भी न अपने सवाल बदले, न ही उन्हें पूछने के अपने उसूल से समझौता किया। कोई अपना उसके सपनों का 'दुश्मन' बनकर सामने आ खड़ा हुआ तो भी न हकलाया, न ही उसकी लप्पो-चप्पो पर उतरा।



यही कारण है कि अदम की प्रश्नाकुलता ने चिराग तले का कतई कोई अंधेरा सृजित नहीं किया। इतना ही नहीं, जो महानुभाव उनकी बहुत इज्जत करते, अपनी सोहबत में रखते, उनकी दुर्दशा पर रहम करते, दया दिखाते और साथ खाते-पीते या उन्हें खिलाते-पिलाते थे, उनके 'अंधेरों' के प्रति भी नरम नहीं, बल्कि निर्मम रुख ही अपनाया। मिसाल के तौर पर, उत्तर प्रदेश के जिस गोंडा जिले में उनका घर था, उसके एक जिलाधिकारी उनके मित्र थे और यह सोचकर अपने स्याह-सफेद की परदेदारी कि बिना उन्हें अपने ड्राइंग रूम में बैठाते थे कि भले आदमी हैं वे, कवि तो हैं ही अदम ने उनके ड्राइंगरूम में जो कुछ भी देखा उसे बेबाकी से लिखा। उनके गांव के एक सरपंच ने, जिसका उन पर कई 'उपकारों' का दावा था, अपनी पहुंच का बेजा इस्तेमाल करके रामसुधी नाम की गांव की लाचार वृद्धा की झोपड़ी अपनी चौपाल में मिला ली, तो उन्होंने लिखा: बूढ़ा बरगद साक्षी है किस तरह से खो गई, रमसुधी की झोपड़ी सरपंच की चौपाल में। दरअसल, अदम के लिए अपनी शायरी में ईमानदार व जनोन्मुख होना शब्दों के चमत्कार से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण था और वे अपने शुरुआती दौर में ही सामंतों व सवर्णों को दलितों के कठिन जीवन का ताप महसूस कराने के उद्देश्य से 'चमारों की गली' शीर्षक लम्बी मर्मभेदी रचना लिखकर अपने 'बंधु-बांधवों' को दुश्मन बना चुके थे। बात अधूरी रह जाएगी, अगर 1986 के अदम के उस आगाज का जिक्र न किया जाये, जिसने उन्हें रातो-रात राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध कर दिया। दरअसल, उस साल प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना के पचास साल पूरे हुए थे और लखनऊ में हो रहे उसके सम्मेलन में रात को आयोजित कवि सम्मेलन में स्मृतिशेष मुल्कराज आनंद, तांबा, नागार्जुन, त्रिलोचन और कैफी आजमी वगैरह के साथ कई दूसरी भारतीय व विदेशी भाषाओं के कवि भी उपस्थित थे। कवि सम्मेलन शुरू हुआ और संचालक ने परम्परा के अनुसार वरिष्ठों को पेश करने से पहले, स्थानीय कवियों को उपकृत करना शुरू किया तो अदम भी उन्हीं के बीच जा बैठे। वे स्थानीय नहीं थे, लेकिन उन्होंने संचालक से वादा करा लिया था कि वह उनका कविता पाठ करा देगा, लेकिन ऐन वक्त पर संचालक अपना वादा भूल गया और याद दिलाने पर झिड़ककर कह दिया कि अब वक्त कहां बचा? फिर उनको मौका दिया। अदम माइक पर पहुंचे तो किसी उद्दंड श्रोता को कहते सुना, 'लगता है कि अभी-अभी हल जोतकर आ रहा है!' दरअसल , नजाकत व नफासतपसन्द लखनऊ के लोग किसान अदम की कुर्ता-धोती व गमछे वाली देहाती वेशभूषा का मजाक उड़ाने पर उतर आए थे। अदम ने गजल सुनाई तो श्रोताओं की संवेदनाएं झंकृत हो उठीं। उसके बाद अदम साहित्य के आकाश में छाए तो आखिरी सांस तक छाए ही रहे।

((लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# धन्वंतरि का ध्यान कर स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहें






संकलित

## दर्शन

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए। शेर की तरह सम्मान के साथ चलिए।

# क्या भगवान का अस्तित्व है?






संकलित

## प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहा- मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहा- बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहा: क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहा- तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहां हूं और मैं एक नाई हूं और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे हैं। व्यक्ति ने कहा- नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहा- अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

## सटाका




## आज की पाती


### न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटने का अर्थ

सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सही कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय जनता की अदालत है। हाल ही में न्याय की देवी की नई मूर्ति सामने आई है। इसमें आंखों से पट्टी को और उनके एक हाथ से तलवार हटाकर संविधान की किताब थमा दी है। इसका मतलब शायद यह है कि कानून सबको एक बराबर देखता है और न्यायालय में फैसले संविधान के अनुसार होते हैं, लेकिन सवाल तो यह है कि न्यायालय की देवी की नई मूर्ति स्थापित करने से देश के कानून और न्याय व्यवस्था में सुधार होगा? क्या अब भी देश को उचित और समय पर न्याय मिलेगा? न्याय और कानून व्यवस्था सत्ताधारियों, राजनेताओं और पूंजीपतियों के हाथ से मुक्त होगी? इन विषयों पर गहन चिंतन की जरूरत है। – *महेश शर्मा, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# पाकिस्तान में 64 साल बाद हिंदू मंदिर का जीर्णोद्धार

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक हिंदू मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए एक करोड़ पाकिस्तानी रुपये का बजट आवंटित किया गया है जिससे इस मंदिर के जर्जर होने के 64 साल बाद इसके जीर्णोद्धार का पहला चरण शुरू होगा। मीडिया में आई एक खबर में सोमवार को यह जानकारी दी गयी। 'डॉन न्यूज' की खबर के अनुसार, पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की देखरेख करने वाली संघीय संस्था 'इवेक्यूई ट्रस्ट प्रोपर्टी बोर्ड' (ईटीपीबी) ने पंजाब में रावी नदी के पश्चिमी तट पर स्थित नारोवाल शहर के जफरवाल नगर में बावली साहिब मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया है। यह मंदिर 1960 में जर्जर हो गया था। अभी नारोवाल जिले में कोई हिंदू मंदिर नहीं है जिससे हिंदू समुदाय को धार्मिक अनुष्ठान घर पर ही करने पड़ते हैं या उसके लिए सियालकोट और लाहौर के मंदिरों में जाना पड़ता है। पाक धर्मस्थान कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रतन लाल आर्या ने कहा कि बावली साहिब मंदिर पर ईटीपीबी के नियंत्रण के कारण वह जर्जर हो गया और नारोवाल में 1,453 से अधिक हिंदू पूजा स्थल से वंचित हो गए। पाकिस्तान के गठन के बाद नारोवाल जिले में 45 मंदिर थे लेकिन उनमें से सभी मरम्मत न होने के कारण जर्जर होते चले गए।



## ऑफ बीट

# एआई को मानवीय बनाना हमें अमानवीय बना सकता है

मनुष्य लंबे समय से गैर–मानवीय चीजों को मानवीय गुण प्रदान करते आए हैं। इस प्रवृत्ति को 'मानवीकरण' के रूप में जाना जाता है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि हम चैटजीपीटी जैसे एआई उपकरणों के साथ ऐसा कर रहे हैं, जो 'सोचने' और 'महसूस करने' वाले प्रतीत होते हैं। कानूनी मुद्दों से बचने के लिए, कंपनी बताती है कि 'रेप्लिका' संवेदनशील नहीं है और केवल लाखों उपयोगकर्ताओं की बातचीत के माध्यम से सीखता है। वहीं, कुछ एआई कंपनियां खुले तौर पर दावा करती हैं कि उनके एआई सहायकों में सहानुभूति है और वे मानवीय जरूरतों का पूर्वानुमान भी लगा सकते हैं। हालांकि, ऐसे दावे भ्रामक हैं। यदि उपयोगकर्ता मानते हैं कि उनका एआई साथी वास्तव में उन्हें समझता है, तो वे भावनात्मक रूप से गहराई से जुड़ सकते हैं। यह गंभीर नैतिक चिंताओं को जन्म देता है। एक उपयोगकर्ता यदि अपने एआई साथी को चेतना प्रदान करता है तो वह उसे हटाने या छोड़ने में संकोच करेगा। दरअसल तब क्या होता है कि जब उक्त एआई साथी अप्रत्याशित रूप से गायब हो जाता है, मसलन यदि उपयोगकर्ता इसका खर्च नहीं उठा सकता, या इसे चलाने वाली कंपनी बंद हो जाती है? एआई साथी भले ही वास्तविक नहीं हो, लेकिन इससे जुड़ी भावनाएं वास्तविक होती हैं।



## ट्रेंड

### भारत ने साबित किया



भारत ने साबित किया है कि डिजिटल नवाचार और लोकतांत्रिक मूल्य सह-अस्तित्व में रह सकते हैं। हमने दिखाया है कि प्रौद्योगिकी समावेशन, पारदर्शिता और सशक्तिकरण का एक उपकरण है। 21वीं सदी को स्थिरता, स्थिरता और समाधान की आवश्यकता है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मलेरिया मुक्त हुआ मिस्र



बड़ी खुशखबरी: मिस्र मलेरिया मुक्त हो गया है। यह प्रमाणीकरण वास्तव में ऐतिहासिक है, और इस प्राचीन संकट से छुटकारा पाने के लिए मिस्र के लोगों और सरकार की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। मैं इस उपलब्धि पर मिस्र को बधाई देता हूं।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### परिवारों के प्रति संवेदनाएं



जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में आतंकी हमले में एक डॉक्टर और प्रवासी मजदूरों समेत कई लोगों की हत्या बहुत ही कायरतापूर्ण और अक्षम्य अपराध है। सभी शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### वृद्धि की जरूरत



भारत को अपनी अनुसंधान एवं विकास तीव्रता, पीएचडी कर्मचारियों की संख्या, पेटेंट और प्रकाशन में उल्लेखनीय वृद्धि की जरूरत है। अच्छा लगता बायोकंलिमिटेड प्रति अरब अमेरिकी डॉलर राजस्व प्रकाशन के मामले में भारतीय कंपनियों में पहले स्थान पर है।

-किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति







# उत्कर्ष और नाना की फिल्म 'वनवास' जल्द होगी रिलीज

**मुंबई।** 'गदरः एक प्रेम कथा', 'अपने' और 'गदर 2' जैसी हिट फिल्मों के बाद अनिल शर्मा एक बार फिर से पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कुछ समय पहले ऐलान किया था कि वह अपने बेटे उत्कर्ष शर्मा और नाना पाटेकर के साथ एक मूवी बना रहे हैं। अब उसकी रिलीज डेट सामने आई गई है। वह कब और कहां रिलीज होगी, आइए जानते हैं। फिल्म का नाम 'वनवास' है, और इसी की शूटिंग के दौरान एक थप्पड़ कांड भी हुआ था, जिसने 'वेलकम' एक्टर को विवादों में लाकर खड़ा कर दिया था। ये फिल्म जी स्टूडियो के बैनर तले बनी है और 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**लाइफ Style**



# कियारा
## नहीं बता पाईं राज्यों के नाम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस कियारा आडवाणी को राम चरण और राणा दग्गुबाती के साथ उनके शो 'नंबर 1 यारी' में देखा गया। इस शो का प्रीमियर पिछले साल हुआ था। राम और कियारा सीजन के लास्ट एपिसोड में आए। 2023 में प्रसारित इस एपिसोड में कई खास पल थे।


हाल ही में एक रेडिट यूजर ने एपिसोड से एक क्लिप शेयर की जिसमें राणा और राम ने कियारा से दक्षिण भारत के बारे में कुछ सवाल पूछे और उनसे दक्षिण भारतीय राज्यों के नाम बताने को कहा। लेकिन कियारा के जवाब ने उन्हें हर किसी के निशाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। कियारा ने तेलंगाना से शुरुआत की, इसके बाद आंध्र प्रदेश और यहां तक कि कर्नाटक का नाम भी लिया। राणा को उन्हें तमिलनाडु को याद करने के लिए मदद करनी पड़ी। राणा ने उन्हें तमिलनाडु का नाम लेकर मदद करते हुए पूछा। हालांकि, वह केरल को बोलना भूल गईं। राणा ने फिर उनकी मदद की और बोले- मलयालम कहां से है? कियारा को जवाब नहीं पता था। राम ने अंत में उत्तर दिया- केरल। कियारा ने कहा- हां मैं यही कहने वाली थी। हालांकि यह पुरानी क्लिप है, लेकिन यह अब रेडिट पर वायरल हो गई है और कई लोगों ने ज्ञान की कमी के लिए कियारा की आलोचना की है। एक ने लिखा- हे भगवान, सोबो के बच्चे इस तरह अपने पॉश स्कूलों में इतनी अधिक फीस का भुगतान कर रहे हैं। टियर 2 शहर के सीबीएसई स्कूल का कोई भी बच्चा सभी राज्यों और उनकी राजधानियों के नाम बता सकता है।

**हॉलीवुड मसाला**




# मरने के बाद भी कमाए 22 हजार करोड़

**लॉस एंजिलिस।** पॉप स्टार माइकल जैक्सन की मौत को 15 साल बीत चुके हैं, पर आज भी उनकी अरबों में कमाई हो रही है। कुछ हस्तियां ऐसी हैं, जिनका स्टारडम मौत भी नहीं छीन पाती, और माइकल जैक्सन ऐसे ही सिलेब्रिटी रहे। मौत के 15 साल बाद भी माइकल जैक्सन का नाम उन हस्तियों की लिस्ट में शुमार है, जो मौत के बाद भी सबसे ज्यादा कमाई कर रही हैं। साल 2009 में माइकल जैक्सन की मौत से लेकर अब तक उनकी कमाई 2.7 बिलियन डॉलर (22 अरब के आसपास) पहुंच चुकी है।



# टॉम हॉलैंड और जेंडाया ने पढ़ ली है स्क्रिप्ट...

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। टॉम हॉलैंड ने हाल ही 'स्पाइडर मैन 4' को लेकर दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने बताया है कि कुछ हफ्ते पहले ही उन्होंने अपनी को-स्टार जेंडाया के साथ 'स्पाइडर मैन 4' की स्क्रिप्ट का फर्स्ट ड्राफ्ट पढ़ा है। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स अपने फेज-5 में है। एमसीयू की पिछली फिल्म 'डेडपूल एंड वुल्वरीन' सुपरहिट रही है। टॉम हॉलैंड ने रिच रोल पॉडकास्ट में 'स्पाइडर मैन' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि अभी जो स्क्रप्टि है, वह फर्स्ट ड्राफ्ट है। इस पर अभी बहुत काम करने की जरूरत है। लेकिन वह इतना जरूर कहेंगे कि राइटर्स बहुत बढ़िया काम कर रहे हैं। इससे पहले सितंबर महीने में रिपोर्ट में कहा गया था कि डेस्टिन डैनियल क्रेटन सुपरहीरो फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त का डायरेक्शन करने वाले हैं।



# 'सिंघम' करने के लिए खुद को मानती हैं लकी


**मुंबई।** 'सिंघम' फिल्म को 18 अक्टूबर को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान अजय देवगन और रोहित शेट्टी ने प्रशंसकों से बात की थी। ये फिल्म साल 2011 में पहली बार रिलीज की गई थी। इस फिल्म में अजय देवगन को पहली बार बाजीराव सिंघम की भूमिका में देखा गया था, हिंदी सिनेमा में इस फिल्म के जरिए काजल अग्रवाल ने भी डेब्यू किया था। एक इंटरव्यू के दौरान काजल ने बात की। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों के साथ मुझे इसके जरिए दोबारा मिलने का मौका मिला है। सिंघम बहुत ही स्पेशल फिल्म है। यह बॉलीवुड में ट्रेंड सेट करने वाली खास फिल्मों में से एक है। फिल्म को बहुत सारे प्रशंसक मिले हैं।काजल ने कहा कि बहुत से प्रशंसक आज भी सिंघम फिल्म को टीवी या ओटीटी पर देखना पसंद करते हैं।



# 'द राजा साब' के बड़े अपडेट के लिए समय तय

**मुंबई।** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की सफलता के बाद प्रभास के प्रशंसकों की निगाहें उनकी आगामी इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म द राजा साब पर टिकी हुई हैं। इस फिल्म में प्रभास के अलावा निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन और रिद्धि कुमार मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आई है, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को और अधिक बढ़ा दिया है। प्रभास का जन्मदिन 23 अक्टूबर को आने वाला है। ऐसे में उनके प्रशंसक उनकी आने वाली फिल्मों के बारे में अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं प्रभास की आगामी फिल्म द राजा साब को लेकर प्रशंसक उनके जन्मदिन से पहले एक स्पेशल एडवांस बर्थडे पोस्टर की उम्मीद कर रहे हैं। इस उत्साह को और बढ़ाने के लिए, द राजा साब के निर्माताओं ने कुछ खास योजना बनाई है।


**टीवी मसाला**



# करवा चौथ पर विक्रांत मैसी ने छूए पत्नी के पैर

**मुंबई।** विक्रांत मैसी बॉलीवुड के टॉप कलाकारों में से एक हैं। 12वीं फेल की सफलता के बाद अभिनेता का करियर सातवें आसमान पर पहुंच गया है। हाल ही में, 20 अक्टूबर को देशभर में करवा चौथ का त्योहार मनाया गया। बॉलीवुड की कई हस्तियों ने अपने पार्टनर के साथ अपने सेलिब्रेशन की झलकियां शेयर की हैं। विक्रांत मैसी ने भी अपनी और पत्नी शीतल ठाकुर के सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर की हैं। हालांकि, इन तस्वीरों के सामने आने के बाद हर तरफ अभिनेता की तारीफ हो रही है। विक्रांत मैसी ने इंस्टाग्राम पर कल रात के करवा चौथ समारोह की कई तस्वीरें साझा कीं। पहली तस्वीर में उनकी पत्नी शीतल ठाकुर छलनी से उन्हें देखती नजर आ रही हैं और बैकग्राउंड में चांद चमक रहा है। दूसरी तस्वीर में शीतल ने विक्रांत के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। तीसरी तस्वीर में अभिनेता ने अपनी पत्नी के पैर छूए। आखिरी स्लाइड में विक्रांत शीतल को पानी पिलाते हुए दिखाई दिए, जिसके बाद उन्होंने अपना व्रत तोड़ा था।

## रेमो ने धोखाधड़ी के आरोपों को किया खारिज



**मुंबई।** कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और उनकी पत्नी लिजेल डिसूजा पर कथित रूप से 12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। तमाम मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि रेमो, उनकी पत्नी व पांच अन्य लोगों ने एक डांस ग्रुप के साथ धोखाधड़ी की है। बीते शनिवार को सभी के खिलाफ 12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला ठाणे जिले में दर्ज किया गया। हालांकि, खुद पर लगे इन आरोपों पर अब रेमो ने प्रतिक्रिया दी है और इन्हें झूठा बताया है। कोरियोग्राफर, एक्टर और डायरेक्टर रेमो ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर लिखा है, 'कई मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए हमें यह मालूम चला है कि हम लोगों के खिलाफ कोई शिकायत दर्ज हुई है। ऐसा दावा किया गया है कि हम लोगों ने एक डांस ग्रुप के साथ धोखाधड़ी की है। मुझे यह कहते हुए अफसोस हो रहा है कि हमारे बारे में इस तरह की खबरें प्रकाशित हो रही हैं। हम सभी से ये गुजारिश करना चाहते हैं कि इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं। ये सभी झूठी खबरें हैं और लोग हमें लेकर अफवाह फैला रहे हैं'।

# आलिया को करण का ही सबसे बड़ा सहारा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत बाल कलाकार के तौर पर फिल्म 'संघर्ष' से की थी, जिसमें उन्होंने छोटी प्रीति जिंटा की भूमिका निभाई थी, लेकिन मुख्य अभिनेत्री के तौर पर उनके करियर की शुरूआत निर्माता-निर्देशक करण जौहर की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से हुई थी। आज बात करते हैं आलिया के उन निर्माताओं के बारे में जिन्होंने उनके करियर को संवारा है। करण जौहर ने आलिया को बतौर अभिनेत्री अपनी पहली फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर में ब्रेक दिया था। इस फिल्म में आलिया को 500 लड़कियों के साथ ऑडिशन देना पड़ा था। फाइनल होने के बाद आलिया ने 16 किलोग्राम वजन कम किया था। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में आलिया के साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन ने अभिनय किया था। यह फिल्म 19 अक्टूबर 2012 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में आलिया से लेकर सिद्धार्थ और वरुण का प्रदर्शन भी दर्शकों को पसंद आया। इसके अलावा शशांक खेतान द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म हम्टी शर्मा की दुल्हनियां और बद्रीनाथ की दुल्हनियां में आलिया और वरुण की जोड़ी को प्रशंसकों ने खूब पंसद किया। फिल्म को धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित किया गया है। इसके अलावा धर्मा प्रोडक्शंस और वायकॉम 18 स्टूडियोज के तहत निर्मित रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में आलिया के साथ रणवीर सिंह की जोड़ी नजर आई थी।



# माना तारने से शुरू हुआ बड़ा नाम बनाने का जुनून...

*मुंबई। तृप्ति डिमरी को आज किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। वह बॉलीवुड की प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। एक के बाद एक सफल फिल्में दे कर उन्होंने अपनी अभिनय क्षमता और फैंस के बीच अपनी स्वीकृति को साबित किया है। इन दिनों अभिनेत्री अपनी फिल्मी सफर का आनंद ले रही हैं। लैला मजनू से करियर की शुरुआत करने के बाद फिल्म दर फिल्म दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाली तृप्ति हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम बनने की ओर अग्रसर हैं। इस बीच अभिनेत्री ने फिल्मी दुनिया में अपने शुरुआती दिनों का जिक्र किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि कैसे उन्होंने बॉलीवुड में बड़ा नाम बनाने का ठान लिया था। एक हालिया इंटरव्यू के दौरान तृप्ति डिमरी ने बताया कैसे एक टिप्पणी ने उनके अंदर कुछ कर दिखाने का जूनून पैदा किया। अभिनेत्री ने कहा, किसी ने मुझे ताना मारा और कुछ बहुत ही घटिया बात कही और उस दिन मैंने सोचा कि मैं बिना कुछ किए शहर नहीं छोड़ सकती। अभिनेत्री ने आगे कहा कि जब कोई इंडस्ट्री में नया होता है, तो वह अक्सर सही और गलत के बीच अंतर नहीं कर पाता।*

## सुनील ग्रोवर, तेजस्वी प्रकाश और जेठालाल को छोड़ा पीछे

# कपिल बने सबसे अमीर टीवी स्टार, एक एपिसोड की फीस 5 करोड़

**मुंबई।** आपको बताते हैं सबसे अमीर टीवी स्टार की कमाई, नेटवर्थ और आलीशान जिंदगी। के बारे में। इसमें रूपाली गांगुली भी हैं, जो हर एपिसोड के लिए 3 लाख रुपए कमाती हैं और 'नागिन 6' की तेजस्वी प्रकाश जैसे जाने-माने चेहरे भी लिस्ट में हैं। लेकिन भारतीय टेलीविजन के सबसे अमीर एक्टर कोई और नहीं बल्कि कॉमेडियन कपिल शर्मा हैं। कॉमेडियन-एक्टर कपिल शर्मा के पास मुंबई में एक घर है, जहां से शहर का खूबसूरत नजारा दिखता है और चारों ओर हरियाली है। कपिल शर्मा के पास पंजाब में एक आलीशान फार्महाउस भी है जिसके ठीक सामने एक बड़ा लॉन है। उनकी प्रॉपर्टी की झलक अक्सर उनके सोशल मीडिया पेज पर शेयर किए गए पोस्ट में देखने को मिल जाती है। आइए आपको दिखाते हैं उनके घर की फोटोज।

*भारतीय टेलीविजन में सबसे ज्यादा कमाई करने वाला एक्टर कथित तौर पर हर एपिसोड के लिए 5 करोड़ रुपये लेता है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इस एक्टर की कुल नेटवर्थ बढ़कर 300 करोड़ रुपए हो गई है। सास-बहू के सीरियल्स के बावजूद सबसे अमीर टेलीविजन एक्टर का खिताब किसी और के पास चला गया है। ये और कोई नहीं बल्कि कपिल शर्मा हैं।*



### कपिल शर्मा की नेटवर्थ

मनीकंट्रोल के अनुसार, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के होस्ट कपिल शर्मा कथित तौर पर हर एपिसोड के 5 करोड़ रुपये कमाते हैं। उनकी कुल नेटवर्थ 300 करोड़ रुपये आंकी गई है। कपिल शर्मा को फेम 2007 में शुरू हुए 'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 3' से मिला। उन्होंने 2013 में कॉमेडी नाइट्स विद कपिल और बाद में 2016 से 2023 तक द कपिल शर्मा शो की होस्टिंग की, जिसके बाद से ही वो छाए हुए हैं।

### कपिल कार कलेक्शन

कपिल शर्मा के कार कलेक्शन की बात करें, तो एक वोल्वो XC90, मर्सिडीज-बेंज S350, रेंज रोवर इवोक और 5.5 करोड़ रुपये की एक कस्टम-डिजाइन वाली वैनिटी वैन उनके पास है।

### कपिल का करोड़ों का घर

उनके पास अंधेरी में 15 करोड़ रुपये का एक आलीशान अपार्टमेंट है, जहां वह अपनी मां, पत्नी गिन्नी चतरथ और अपने दो बच्चों के साथ रहते हैं। उनका भव्य घर काफी खूबसूरत है। हमने पहले भी उनके घर की फोटोज दिखाई हैं। इसके अलावा, कपिल शर्मा के पास चंडीगढ़ के बाहरी इलाके में एक फार्महाउस भी है, जिसकी कीमत 25 करोड़ रुपये है।



### सुनील ग्रोवर की कमाई

इस बीच, सुनील ग्रोवर को हर एपिसोड के लिए 25 लाख रुपये मिलते हैं। इस शो में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, करण जौहर, सैफ अली खान और जान्हवी कपूर जैसे स्टार्स आ चुके हैं। शो की सफलता कपिल की पूरी टीम पर टिकी हुई है।

# स्वर्गीय रविशंकर त्रिपाठी की प्रतिमा के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दिए 8 लाख

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व आम जनता के प्रति सरगुजा सेवा समिति ने जताया आभार**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



अंबिकापुर/ सरगुजा सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व विधायक स्वर्गीय रविशंकर त्रिपाठी की अंबिकापुर शहर में प्रतिमा स्थापित करने के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने 8 लाख रुपये देने की घोषणा की है। इस संबंध में सरगुजा सेवा समिति की होटल कुमकुम में आयोजित बैठक में यह जानकारी देते हुए सरगुजा सेवा समिति के उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी ने उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सरगुजा सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व विधायक, लोकप्रिय भाजपा नेता स्वर्गीय रविशंकर त्रिपाठी की प्रतिमा हेतु 8 लाख रुपये स्वीकृत कर अंबिकापुर शहर में प्रतिमा शीघ्र स्थापित करने की बात कही है। इस अवसर पर सरगुजा सेवा समिति की बैठक में सरगुजा सेवा समिति अध्यक्ष श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी ने विजयादशमी महोत्सव हेतु शासन द्वारा 10 लाख रुपये की राशि दिए जाने हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का समिति तथा आम जनता की ओर से हृदय से आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जिन्होंने अपने मद से लोकप्रिय जननायक स्वर्गीय रविशंकर त्रिपाठी के नाम से चौक निर्माण के लिए 6 लाख रुपये की राशि दी थी जिससे चौक का निर्माण कार्य किया जा रहा है। बैठक में सरगुजा सेवा समिति ने आम जनता के प्रति भी कोटि कोटि आभार व्यक्त किया है जिनके अमूल्य सहयोग से इस बार ऐतिहासिक रावण दहन उत्सव सम्पन्न हुआ है। इस अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम में व्यवस्था में लगे शासकीय विभागों के प्रमुख कर्मचारियों सम्मान किया गया।

# लीपापोती का आलम यह कि दूध की रखवाली का जिम्मा बिल्ली को

**(रामानुजनगर के शिक्षा विभाग में मरम्मत कार्यों का मामला)**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रामानुजनगर :- विकास खंड रामानुजनगर में गत दिनों जनपद शिक्षा समिति के सदस्यों ने सीएम जतन शाला मरम्मत योजना में हुए व्यापक भ्रष्टाचार, उगाही का शिकायत कलेक्टर, कमिश्नर, शिक्षा सचिव, मुख्य सचिव को पत्र देकर किया था। जिस पर अभी तक कार्यवाही अथवा उच्च स्तरीय जांच नहीं होने से शासन, प्रशासन की छवि पर संदेह निर्मित हो रहा है। बता दें कि रामानुजनगर में सीएम जतन योजना के शाला मरम्मत कार्य के नोडल अधिकारी बीआरसीसी हजारी प्रसाद चक्रधारी, एवं बीईओ पंडित भारद्वाज नियंत्रण अधिकारी हैं। जनपद शिक्षा समिति के सदस्यों ने अधिकांश स्कूलों में जाकर निर्माण कार्यों का भौतिक जांच किया तो निर्माण कार्य बेहद घटिया स्तर का पाया गया। खबर ऐसी भी है कि 30 से 40 प्रतिशत कमीशन चैनल बनाकर वसूला गया। इस संबंध में विकास खंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज ने निर्माण/मरम्मत कार्यों के जांच के लिए संकुल समन्वयकों का टीम बनकर जांच का जिम्मा 15 दिवस पूर्व दिया था। सवाल उठता है कि बीईओ के अधीन कार्य करने वाले अधिकारी क्या जांच करेंगे ? और कैसा रिपोर्ट देंगे। होना तो यह था कि कम से कम संकुल प्राचार्य अथवा तकनीकी के जानकार अधिकारियों से मरम्मत कार्य की जांच करानी चाहिए। शिक्षा विभाग या जिला प्रशासन को इस संगठित भ्रष्टाचार के जांच एवं कार्यवाही पर ठोस कदम उठाना चाहिए। यह तो यही हुआ कि बिल्ली को दूध की रखवाली की जिम्मेदारी दे दी गई है।

## न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में

**मामला क्रमांकः 202408020700013/**

विषयः- अ-27

मामले की श्रेणीः- राजस्व

सन्तः-2023-2024

फुन्दुरडिहारी प.ह.न. 00016 [260/3(0.053हे0)]

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- मीनल सिंह, राजवर्धन सिंह, बिन्दु सिंह, विक्रम सिंह,

अनावेदक पक्षकार -बिन्दु सिंह, मीनल सिंह, राजवर्धन सिंह, विक्रम सिंह.

### ईश्तहार

आवेदक मीनल सिंह पत्नी स्व० विनय कुमार सिंह व अन्य, निवासी केदारपुर, तिवारी बिल्डिंग रोड, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 260/3 रकबा 0.053 हे० भूमि की उभयपक्ष के मध्य में 1/4 अंश में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 18.11.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/10/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार

तहसील-अम्बिकापुर

# मांदर की थाप पर थिरकते विधायक भूलन सिंह ने कहा संस्कृति व परंपराओं को बचाए रखना आवश्यक

**पतरापाली में आयोजित हुआ करमा प्रतियोगिता।**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन





रामानुजनगर। क्षेत्र के ग्राम पतरापाली में आयोजित करमा नृत्य प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने शिरकत की। इस दौरान आयोजन समिति के द्वारा विधायक का आतिशी स्वागत किया गया। वहीं स्वागत से अभिभूत विधायक भूलन सिंह भी अपने को रोक नहीं पाए और मांदर की थाप पर जमकर थिरकते हुए करमा नृत्य का आनंद लिया।

क्षेत्र में इन दिनों करमा की धूम मची हुई है सरगुजा अंचल का पारंपरिक करमा नृत्य प्रतियोगिता जगह जगह आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पतरापाली व कौशलपुर में करमा प्रतियोगिता रविवार को हुआ। जहां क्षेत्रिय विधायक भूलन सिंह मरावी ने शिरकत कर पारंपरिक करमा प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजन समिति की सराहना की। विधायक ने कार्यक्रम में एक विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सरगुजा की संस्कृति व परंपराओं को कायम रखने के लिए इस प्रकार के आयोजन आवश्यक हैं। ऐसे आयोजनों से हमारी आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाए रखने की न सिर्फ प्रेरणा मिलती है बल्कि अपनी छत्तीसगढ़ी संस्कृति व परंपराओं को जीवंत बनाए रखने तथा इसकी छटाओं को दूर दूर तक फैलाने में मदद मिलेगी। ग्राम पतरापाली के प्रतियोगिता में 17 करमा टीमों ने भाग लिया, जिसमें करमा टीम बसदेई प्रथम, गंगौटी द्वितीय तथा करमा टीम सारा जिला कोरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों ही टीमों को क्रमशः 7 हजार 5 हजार व 3 हजार रुपए नकद राशि से पुरस्कृत किया गया जबकि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को सात सात सौ रुपए सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि संत साहू सौभाग्य दुबे दरोगा सिंह खेल साय राजवाड़े सरपंच अंजली सिंह बंशी लाल शर्मा राधिका प्रसाद दुबे विश्वनाथ पटेल अमर सिंह मंचासीन थे। वहीं आयोजन को सफल बनाने में खोझारी लाल सिंह बोधन राम अकालू राम अरविंद सिंह शिवनाथ सिंह खेल साय उर्फ बैगू कुंजल सिंह मनबोध सिंह सहादूर सिंह नवल सिंह मनोज कुशवाहा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में गांव के बैगा सहित अन्य वरिष्ठजन तथा बड़ी संख्या में करमा प्रेमी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# तीन किलो बारूद के साथ एक युवक गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

बंथरा। बंथरा नगर पंचायत में एक युवक को तीन किलो बारूद व 47 डिब्बे पटाखों के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया। युवक अवैध तरीके से पटाखे बनाने का काम कर रहा था जिसकी सूचना मुखबिर ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को 3 किलो बारूद व 47 डिब्बे पटाखों के साथ धर दबोचा। बताया गया कि अंकुर मौर्य पुत्र शिव विशाल मौर्य उम्र लगभग (40) वर्ष निवासी बंथरा सिकंदरपुर का है। युवक पटाखों का कारोबार अवैध तरीके से कर रहा था। दीपावली आने से पहले अपनी दुकान रंग बिरंगे पटाखों से भरने वाला था कि तभी पुलिस मुखबिर की सूचना पर छापा मार दी। इस दौरान पुलिस पटाखे समेत 3 किलो बारूद भी बरामद की। सूत्रों की माने तो अवैध रूप से पटाखे बनाने का कारोबार अंकुर मौर्य कर रहा था जिसको लेकर लोगों में डर था कि कहीं कोई विस्फोट ना हो जाए जिससे जनहानि हो। उधर पुलिस की सक्रियता के चलते मुखबिर की सूचना पर मिली जानकारी के दौरान छापेमारी की गई इस छापेमारी के अंतर्गत बारूद के साथ पटाखे की डिब्बे भी मिले जिनको लेकर क्षेत्रीय पुलिस ने विधिक कार्रवाई की है।

# करवाचौथ पर हर्ष फायरिंग करना प्रधानपति को पड़ा महंगा, गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

निगोहां। भगवानपुर गांव में करवाचौथ पर लाइसेंसी रिवॉल्वर से नाबलिक बेटे संग मिलकर हर्ष फायरिंग करना प्रधानपति सत्य प्रकाश सोनी को महंगा पड़ गया। मगलवार को प्रधानपति सत्य प्रकाश सोनी व उसके नाबालिक बेटे द्वारा कई राउंड फायरिंग करने का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया। सोशल मीडिया पर हर्ष फायरिंग के वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर एसीपी रजनीश वर्मा ने निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी को हर्ष फायरिंग करने वाले प्रधानपति पर कार्यवाही के निर्देश दिये। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये प्रधानपति को गिरफ्तार कर हर्ष फायरिंग में प्रयुक्त लाइसेंसी रिवॉल्वर बरामद किया।

## न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

रा.प्र.क्र.ब/121 वर्ष

ग्राम मसिरा प.ह.न.15

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवनारायण पिता सोनुराम जाति चमार निवासी ग्राम मसिरा प.ह.न.15 रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान किया गया है कि आवेदक के पुत्र ओम का जन्म दिनांक 29/12/2021 को ग्राम मसिरा में हुई है, अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र ओम का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत मसिरा को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 28/10/2024 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 09/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी

भैयाथान

## न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

रा.प्र.क्र.ब/121 वर्ष

ग्राम कुर्रिडीह प.ह.न.04

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहरसाय पिता स्व० घुरन सिंह जाति गोड़ निवासी ग्राम कुर्रिडीह प.ह.न. 04 रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान किया गया है कि आवेदक के पुत्री तुलेश्वरी का जन्म दिनांक 29/08/2005 को ग्राम कुर्रिडीह में हुई है, अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने पुत्री तुलेश्वरी का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत कुर्रिडीह को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 06/11/2024 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 18/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी

भैयाथान

जिला सूरजपुर (छ०ग०)

# यूपी में परिवहन विभाग की ये 47 सेवाएं होंगी ऑनलाइन, घर बैठे होंगे लाइसेंस-परमिट से जुड़े कार्य

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। वाहन, लाइसेंस और परमिट से जुड़े कार्यों के लिए अब आरटीओ-एआरटीओ कार्यालय नहीं जाना होगा। प्रदेश में 47 सेवाएं और आनलाइन होने जा रही हैं, एनआइसी व परिवहन अधिकारी मिलकर सुविधाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। देश में यूपी पहला राज्य होगा, जहां आम लोग परिवहन विभाग की सभी 58 सेवाएं घर बैठे पा सकेंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग ने 2022 में 58 सेवाओं को आनलाइन करने की स्वीकृति दी थी, उनमें नौ सेवाएं 14 अक्टूबर को आनलाइन हो चुकी हैं, साथ ही लर्निंग लाइसेंस व नियमित डीएल जैसी सेवाएं पहले से आनलाइन हैं। मंगलवार परिवहन मुख्यालय पर एनआइसी की टीम ने वाहन व परमिट की सेवाओं को आनलाइन करने का प्रस्तुतीकरण दिया। इसमें अधिकांश ठीक रहीं, जबकि कुछ में और सुधार करने का निर्देश परिवहन अधिकारियों ने दिया है। वहीं, सारथी पोर्टल की सेवाओं का प्रस्तुतीकरण जल्द ही होगा, उसके बाद सभी 47 सेवाओं को आनलाइन कर दिया जाएगा। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने बताया कि आनलाइन हो रही सेवाओं में कुछ ऐसी हैं, जिनमें गड़बड़ी होने की आशंका है। इसलिए आवेदन आनलाइन होगा, लेकिन स्क्रूटनी के लिए आरटीओ-एआरटीओ कार्यालय आना पड़ेगा। इनमें राज्य परिवहन प्राधिकरण की ओर से जारी परमिट है। इसमें वाहन मार्ग आनलाइन अपलोड हो रहे हैं, लेकिन परमिट का रिनीवल आदि के लिए कार्यालय आना होगा। ऐसे ही वाहन बिक्री का अनापत्ति प्रमाणपत्र देने में गड़बड़ी रोकने के लिए आवेदक को कुछ देर के लिए आना होगा। अन्य अधिकांश सेवाओं में लोगों को घर बैठे सुविधा मिल जाएगी।

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) मनेन्द्रगढ़, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ०ग०)

(ओमनारायण प्रति छ०ग० शासन)

### ईश्तहार

**रा०प्र०क्र० / अ-2/2023-24**

ग्राम/नगर चनवारीडांड़ की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमनारायण आ० श्री जगदेव निवासी ग्राम आलू गोदाम के पास चनवारीडांड, तहसील मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी. (छ०ग०) द्वारा छ०ग०भू०रा० संहिता की धारा 172 के तहत प०ह०नं० 13, ग्राम चनवारीडांड़ में स्थित भूमि खसरा नं0 293/1, 293/2 रकबा क्रमशः 0.0100 हे०, एवं 00100 हे० भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्जशुदा एवं कब्जेदार भूमिस्वामी है। आवेदक उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तन का आवेदन पत्र मय बी-वन, खसरा नक्शा, रजिस्ट्री, ब्ल्यूप्रिंट नक्शा एवं ग्राम पंचायत के अनापत्ति के साथ प्रस्तुत किया गया है। अत उक्त भू-व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 28/10/2024 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)

मनेन्द्रगढ़, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ०ग०)

## न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर - 2 जिला-सरगुजा (छ०ग०)

रा०प्र०क्र०202410021700004/ब-121/2024-25

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निमाई मण्डल आ० स्व० सुधीर मण्डल, व अन्य 01 निवासी ग्राम सरगवां, तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ०ग०) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम सरगंवा स्थित भूमि खसरा नंबर 9/1 रकबा 1.440 हे0 में से 25 डिसमिल भूमि को निजी कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक धर्मेन्द्र कुमार राकेश आ० लालदास, निवासी वसुन्धरा विहार गोधनपुर, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ०ग०) को रू0 16,87,500/- (सोलह लाख सतासी हजार पांच सौ रुपए) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जाच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या सस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/11/2024 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत्त कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 07/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार

अम्बिकापुर -2

## नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ०ग०)

**रा०प्र०क्र० 202410821700003/ब-121/2024-25**

एत्तद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निमाई मण्डल आ० स्व० सुधीर मण्डल, व अन्य 01, निवासी ग्राम सरगवां, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ०ग०) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम सरगवां स्थित भूमि खसरा नंबर 9/1 रकबा 1.440 हे0 में से 15 डिसमिल भूमि को ईलाज एवं मकान निर्माण हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक सूर्यकान्त प्रसाद सुमन आ० राजेन्द्र प्रसाद, निवासी बैंक ऑफ बड़ौदा के पास धनकुट्टा बाजार, जिला औरंगाबाद (बिहार) को रू0 10,12,500/- (दस लाख बारह हजार पांच सी रुपए) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनाक 06/11/2024 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 07/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार

अम्बिकापुर -2

## न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०

### ईश्तहार

रा०प्र०क्र०/अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सुदर्शन ताम्रकार पिता अनिरूद्ध साव, निवासी केदारपुर अम्बिकापुर जिला सरगुजा के द्वारा कथन किया गया है, कि आवेदक के स्वामित्व व आधिपत्य की नजूल भूमि. नगर अम्बिकापुर, शीट नं. 01, मोहल्ला केदारपुर, स्थित भू.ख.क्र. 162/4 रकबा 0.02 (880 वर्गफीट) एकड़ भूमि है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को पंजीबद्ध दान पत्र पंजीयन दिनांक 03.10.2024 के माध्यम से अनावेदक दर्शन ताम्रकार आ. अनिरूद्ध साव, निवासी केदारपुर अम्बिकापुर को प्रदान कर दिया गया है। अतः उक्त पंजीबद्ध दान पत्र के आधार पर उक्त भूमि के अभिलेख में स्वयं का नाम दर्ज कराने बाबत आवेदक द्वारा पंजीबद्ध दान पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 11/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/10/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०

### ईश्तहार

रा०प्र०क्र0-2024050212000/अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती चम्पा सोनी पत्नि श्री बैजू सोनी, निवासी वार्ड नं. 22 घुटरापारा सनराईज स्कूल के सामने, अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदिका द्वारा अनावेदक रंजीत कुमार सोनी पिता अनिरूद्ध सोनी, निवासी गांधी विद्या पीठ रोड़, अम्बिकापुर के स्वत्व एवं अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि शीट नं. 3. मोहल्ला-कौवाडांड़, खसरा नं. 1535/3 रकबा 2178 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र, पंजीयन दिनांक 07.10.2024 के माध्यम से क्रय किया गया है, अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर आवेदिका द्वारा क्रयशुदा उक्त भूमि के नजूल अभिलेख में अपना नाम दर्ज कराने हेतु विक्रय पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-08/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक-15/10/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०

### ईश्तहार

रा०प्र०क्र०-2024050212000/अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक संस्था भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) छत्तीसगढ़ गैर टेरोटेरी के पत्र क्रमांक इढ उ छ/उ ॠ ऊ /ङर इर /ऊ ट /ऊ फ र छंल्ल्/अ ट्रैह्रांस्त्र४१/02, दिनांक 11.10.2024 के द्वारा बीपीसीएल की सिटि गैस वितरण (सीजीडी) परियोजना के लिये डिआरएस (जिला विनियमन स्टेशन) स्थापित करने हेतु दीर्घकालिक पट्टे के आधार पर नमनाकला सनी मंदिर के पास स्थित भू.ख.क्र. 243/1 रकबा 15७20 मीटर, गंगापुर खुर्द बस स्टेण्ड के पास स्थित भू.ख.क्र. 234/2 रकबा 15७20 मीटर, नेहरू वार्ड कोर्ट के पास स्थित भू.ख.क्र. 505/1 रकबा 15७20 मीटर एवं गंगापुर खुर्द, रिंग रोड़ पर स्थित भू.ख. क्र. 217/2 रकबा 15७20 मीटर भूमि आबंटित करने की मांग की गई है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 08/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 22/10/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

## प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत हेतु पदस्थ कर्मचारी हुए भारमुक्त

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के लिए यहां जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम बनाया गया था। जिसमें पदस्थ कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष बंद किये जाने के फलस्वरूप कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापना स्थल पर कार्य करने हेतु भारमुक्त कर दिया गया है।

## जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर के द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का किया गया है आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर के द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाना है, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजक एस.आई.एस. सेक्योर्टी एण्ड इन्टेलीजेन्स सर्विसज (इस्टर्न इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड क्षेत्रीय प्रषिक्षण केन्द्र जषपुर के द्वारा सुरक्षा जवान के 400 पद पर 10 वीं पास व सुरक्षा सुपरवाइजर के 50 पद पर 12 वीं पास पर भर्ती किया जाना है। प्लेसमेंट कैंप का आयोजन जनपद पंचायत प्रतापपुर में 04 नवंबर, जनपद पंचायत भैयाथान में 05 नवंबर, जनपद पंचायत ओड़गी में 06 नवंबर, जनपद पंचायत रामानुजनगर में 08 नवंबर, जनपद पंचायत सूरजुपर में 11 नवंबर एवं जनपद पंचायत प्रेमनगर में 12 नवंबर को 11:00 बजे से 03:00 बजे तक किया जाना है। प्लेसमेंट कैंप का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय में किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर में संपर्क कर सकते है।

# जिले में दो दिन में हुई चार हत्या की वारदातो से पुलिस की मौजूदगी पर उठाने लगे सवाल

## जिले में ध्वस्त होती कानून व्यवस्था, अपराधियो के हौसले बुलंद

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले में कानून व्यवस्था का हाल बेहाल है अपराधियो पर पुलिस का कोई ख़ौफ़ हो यह जिले में हो रहे आपराधिक वारदातों को देखकर नहीं लगता है। जिले में लगातार हो रही हत्या की वारदातों ने पुलिस की मौजूदगी पर ही सवाल खड़े कर रही है। अपराधी बेख़ौफ़ हत्या जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे है। जिससे यह प्रतीत होने लगा है कि शांति प्रिय यह जिला अब अपराधियो के चंगुल में तेजी से फसता जा रहा है। जिला मुख्यालय में प्रधान आरक्षक की पत्नी व बेटी की हत्या, आरक्षक पर चौपाटी में खौलता तेल डालने व पुलिस को गाड़ी से कुचलने के प्रयास के मामले को अभी चंद दिन भी नहीं बीते है कि जिले के चार स्थानों पर फिर से हत्या की चार वारदाते हो गई है। जिसमे दो महिला व दो पुरुष को मौत के घाट उतार दिया गया है। रामकोला में हुई हत्या तो थाने से महज 5सौ मीटर की दूरी पर हुई है। हत्या की हो रही इन वारदातों को देखकर पुलिस का अपराधियो पर कितना ख़ौफ़ है इसका सहजता से अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि इन वारदातों में शामिल लोग पुलिस की गिरफ्त में आ गए है पर लगातार जिले में हो रही इन वारदातों ने पुलिस की उपस्थिति पर सवालिया निशान लगा रहे है।

**पुत्र ने की पिता की हत्या**

पहली घटना मंगलवार के दोपहर को प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मरहट्टा में हुई है। बताया गया है कि यहां घर की परछी मे बना मिट्टी का पिलर तोड़ रहे पुत्र को मना करने की कीमत पिता को जान देकर चुकानी पड़ी है। मना करने से नाराज युवक ने हाथ मे रखे गैंता से पिता पर प्रहार कर दिया जिससे मौके पर ही उज़के प्राण पखेरू उड़ गए। हत्या की उक्त वारदात ग्राम मरहट्टा के खोचापारा में मंगलवार की दोपहर को हुई है। प्रतापपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संदर्भ में बताया गया है कि ग्राम मरहट्टा के सरपंच पति सतपाल पैंकरा ने प्रतापपुर पुलिस को मोबाईल से सूचना दिया कि गांव के अचम्भित कंवर की




उसके लड़के धर्मदेव पैंकरा के द्वारा हत्या कर दिया है। सूचना पर प्रतापपुर पुलिस मौके पर पहुंची जहां मृतक का भतीजा प्रार्थी पुरूषोत्तम पैंकरा ने बताया कि मंगलवार की दोपहर करीब 1.30 बजे चचेरा भाई धर्मदेव पैंकरा अपने घर के आंगन परछी में बने ईट मिट्टी के पिल्लर को गैंता से तोड़ रहा था। जिसे पिता अचम्भित ने तोड़ने से मना किया। जिससे वह उत्तेजित हो गया और अपने हाथ में रखे लोहे का गैंता से मारकर अपने पिता की हत्या कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रतापपुर पुलिस ने मामले में दबिश देकर आरोपी धर्मदेव पैंकरा 35 वर्ष को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। हत्यारे की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त गैंता जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एसआई संदीप सिंह, एएसआई हरिशंकर तिवारी, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, राहुल गुप्ता, आनंद एक्का, आरक्षक शशिकांत मिश्रा, अपील चौधरी, इन्द्रजीत सिंह, अवधेश कुशवाहा, निरंजन एक्का व भिमेश आर्मो सक्रिय रहे।

**खाना बनाने के विवाद में पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट**

शराब के नशे में पत्नी पत्नी के बीच घरेलू मामले में आपस में झगड़ा विवाद हो गया था। पति ने पत्नी के बीच पहले तो कहा सुनी हुई फिर मारपीट पर उतर आए, डंडे से पिटाई के बाद पत्नी की मौत हो गई है। प्रेमनगर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 के उटरिया डीह मोहल्ला में आरोपी राम सिंह पंडो जनजाति की युवती बेलसुंदरी उर्फ़ सहेद्री से प्रेम विवाह किया था। इनके दो बच्चे है, पति पत्नी दोनो शराब का सेवन करते थे। इसी बीच हमेशा की तरह सोमवार को शराब पिए थे। देर शाम को पति राम सिंह घर पहुंचा तो देखा पत्नी घर पर नहीं है दूसरे के घर में बैठी हुई थी। पति द्वारा मृतिका से कहा कि खाना बनाए हो कि नही, जिस पर पत्नी ने इनकार जर दिया और कहा कि, भूख लगा होगा तो खुद जाकर बना लो, विवाद बढ़ता गया, जिस पर पति ने पत्नी से मारपीट की और अपने घर ले गया, अपने घर ले जाने के बाद पति ने पत्नी की डंडे से मृतिका के पीट पर जमकर डंडे से पीटा, मंगलवार की सुबह वह दर्द से कराह रही थी। पति से अस्पताल ले जाने को कही, पति ने पैसा नहीं होना कह कर खोजने जा रहा हूं। कहा और घर से निकल गया वापस आते तक पत्नी दर्द से दम तोड़ चुकी थी। जिसकी सूचना मृतिका के पिता धर्मपाल पण्डो ने पुलिस थाना प्रेमनगर दी है। जिस पर पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर मामले की विवेचना कर रही है। हत्या की तीसरी वारदात बसदेई चौकी क्षेत्र के सुंदरपुर में हुई है। बताया गया है कि रामजीत सिंह बसदेई ने चौकी उपस्थित आकर जबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरी बड़ी संगीता की शादी ग्राम सुन्दरपुर के झेलसाय के साथ हुआ है वह ससुराल सुन्दरपुर में रहती है उसके 5बच्चे है जिसमें 4लडकी एवं 01लडका है दो लड़की का शादी हो गया है वह अपने ससुराल में रहती हैं। संगीता एवं जीजा झेलसाय सुन्दरपुर के भटठापारा में नया घर बना कर रहते हैं जीजा झेलसाय 13 अक्टूबर को रेवतपुर ईटा भट्ठा में काम करने गये थे घर मेरी दीदी और भान्जी भान्जा लोग रह रहे थे। 22 अजतुबर को सुबह करीब 7 बजे मेरी भान्जी अनीता सिंह मेरे को फोन करके बताई कि मा को पिता जी हाथ मुक्का से मारपीट कर खत्म कर दिये है कि रिपोर्ट पर धारा103ङ्कठ्ठह्यका अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। चौथा मामला जिले के रामकोला का है जहां पुरानी रंजिश के कारण 42 वर्षीय लरंग साय नामक ग्रामीण की टांगी से गर्दन पर प्रहार कर हत्या कर दी गई है। बताया गया है कि हत्या की यह वारदात 21 अक्टूबर की रात को हुई है जिस जगह पर हत्या हुई है वह स्थल थाने से महज 5 सौ मीटर की दूरी पर है।

# सरगुजा संभागायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की संभागीय बैठक संपन्न

★ शिक्षा में नवाचारों और जनसहभागिता से शिक्षण व्यवस्था को बेहतर करें, जिससे सरगुजा की नई पहचान बने : संभागायुक्त

★ सामाजिक समरसता को बढ़ाने होगी ब्लॉक स्तरीय बैठक, स्वच्छता के मंत्र को अपनाते हुए श्रमदान से स्मार्ट स्कूल और परिसर बनाने के निर्देश

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में संभागायुक्त श्री चुरेंद्र ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिक्षण व्यवस्था में जनसहभागिता बढ़ाने सामाजिक समरसता हेतु जशपुर जिले के फरसाबहार में पहली बैठक की जाएगी। यह ब्लॉक समन्वय हेतु बैठक होगी जिसमें खंड स्तरीय प्रशासनिक अधिकारी, समाज प्रमुख एवं पालक गण शामिल होंगे। इस दौरान उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत शपथ भी ली गई।




उन्होंने बैठक में कहा कि स्कूलों में शिक्षा में नवाचारों को प्रोत्साहित करें और हर माह इसकी समीक्षा भी करें। उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था कमजोर है, ऐसे स्कूलों का चिन्हांकन कर विशेष पहल कर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही दिखने पर अधिकारी कार्यवाही अवश्य करें। उन्होंने बैठक में स्कूलों में पेयजल व्यवस्था की मॉनिटरिंग, जर्जर भवनों का डिस्पोजल और शौचालयों की मरम्मत हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के निराकरण हेतु जनसहभागिता से अतिथि शिक्षकों एवं मानसेवी शिक्षकों की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा गांवों में ऐसे शिक्षित युवाओं को सूचीबद्ध करें जो पढ़ाने के इच्छुक हों, वैकल्पिक शिक्षक के रूप में इनकी सेवाएं ली जा सकती हैं। इसी तरह उन्होंने समय समय पर आवश्यकता अनुरूप अध्यापन के इच्छुक अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवा लेने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक विषय पाठन पंजी तैयार करने का प्रमाण प्रस्तुत करें और शत प्रतिशत पंजी संधारित रखी जाए। इसी तरह शिक्षक डायरी भी प्रतिदिन संधारित की जाए। बैठक में संभागायुक्त श्री चुरेंद्र ने शाला में शिक्षकों को समय पर उपस्थित होने के सख्त निर्देश दिए और विद्यार्थियों की शत-प्रतिशतउपस्थिति सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि स्कूलों में विद्यार्थियों की अनुपस्थिति के कारण को समझें और यथासंभव निराकृत कर व्यवस्था बनाएं। विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने हेतु स्कूलों से ही शुरुआत करें। स्मार्ट विद्यालय और स्मार्ट परिसर तैयार करने स्कूलों में स्वच्छता रखें। इसके लिए श्रमदान की पहल करें। अधिकारी श्रमदान में भाग लें और आस-पास ग्रामीणों को भी प्रोत्साहित करें। उन्होंने विद्यालय परिसर में अतिक्रमण को लेकर सख्त निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व विभाग के साथ समन्वय कर कार्यवाही करवाएं। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालयों के नजदीक उपलब्ध शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर शाला प्रबंधन समिति एवं ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर मनरेगा के जरिए खेल मैदान के रूप में विकसित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को मिशन मोड में कराया जाए।

उन्होंने बैठक में विद्यालयों, छात्रावास और आश्रमों में बागवानी विकसित कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त श्री आरके खूंटे, संयुक्त संचालक श्री संजय गुप्ता सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, समस्त जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी, बीईओ, बीआरसी, सीएसी उपस्थित रहे।

# माँ बेटी के हत्यारों को फांसी देने की मांग व मृतिकाओ को श्रद्धांजलि देने महिला कांग्रेस ने निकाला कैण्डल मार्च

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** शहर में हुए प्रधान आरक्षक की पत्नी एवं बेटी की निर्मम हत्या पर आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने एवं मृतकों को श्रद्धांजलि देने के

## अग्रसेन चौक में दी गई श्रद्धांजलि

लिए महिला कांग्रेस शहरी ज़िलाध्यक्ष दीप्ति स्वाई एवं ज़िलाध्यक्ष ग्रामीण आनंद कुँवर के संयुक्त नेतृत्व में महिला कांग्रेस ने ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय से अग्रसेन चौक तक कैण्डल मार्च निकालकर अग्रसेन चौक में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वही महिला नेत्रियों द्वारा दोषियों को फांसी देने की मांग की गई। नेत्रियों ने बताया कि सूरजपुर



की यह घटना दिल दहलाने वाली और ज़िले के लिए बहुत बड़ी घटना है। घटना के बाद से ज़िले में डर का माहौल है जनता अपने सुरक्षा के लिए प्रशासन से जवाब माँग रही है और दोषियों को फासी देने की माँग की गई। कैंडलमार्च व श्रद्धांजलि सभा मे ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह, ज़िला कांग्रेस महामंत्री मनोज डालमिया, मनोज अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अनुपम फ़िलीप, प्रदेश कांग्रेस सदस्य ज़फ़र हैदर, ज़िला पंचायत सदस्य उषा सिंह, विष्णु कसेरा, बिहारी कुलदीप, अनवर ख़ान, अविनाश यादव, एनएसयुआई के आकाश साहू, युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष दीपक कर, विमला सिंह, राधामुनि सिंह, चंदा सिंह, संगीता राजवाड़े, गीता पूरी, वीणा शर्मा, रश्मि शर्मा, सोनिया सोडी, गीता सुमन, अंजना दास, सुनीता जायसवाल, किशुन सिंह, तनवीर ख़ान, मुस्तफ़ा ख़ान, अफ़रोज़ अंसारी, जमील सिद्धक़ी, शिवम साहू, उमा भारती, सुमारी, मानमती, झोकोमनी, फुलमती, उर्मिला सफीला, गुलामती, सुमित्रा, शर्मिला, प्रमिला, राधिका गोस्वामी, राजवती यादव, जहाना अंसारी, सुमित्रा हथगेन, हमिदा ख़ातून, श्यामबाई हथगेन, निखत परवीन, मीरा ठाकुर, जैमूनी ठाकुर, पल्लवी ठाकुर, रंजीत हथगेन, सुमेर नायक, ठाकुर प्रसाद, रशीद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।


## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी, उप वनमण्डल उदयपुर ( छ.ग. )

### इश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सरगुजा वनमण्डल अंतर्गत उदयपुर उप वनमण्डल के वन परिक्षेत्र उदयपुर में दिनांक 10.10.2020 को गश्ती के दौरान वन परिक्षेत्र उदयपुर के वन कर्मचारियों द्वारा वाहन मोटर सायकल हिरो एच.एफ. डिलक्स क्रमांक CG12 AL- 7496 (चेचिस क्रमाक MBLHALLATF D23218) को उसमें लोड अवैध वनोपज साल चिरान 03 नग = 0.164 घनमीटर सहित फुलचुही बांध के पास, पण्डोपारा बस्ती में पकडा गया। अवैध वनोपज के अवैध रूप से परिवहन में लिप्त पाये जाने के कारण परिसर रक्षक डांड़गांव द्वारा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52(1), धारा 33 (1), धारा 41 (1) एवं छ.ग. वनोपज व्यापार (विनियमन) अधिनियम 1969 की धारा 5(1) ग के तहत् जप्ती की कार्यवाही करते हुए वन अपराध प्रकरण क्रमांक 10813/25 दिनांक 10.10.2020 पंजीबद्ध किया गया। जिसकी सूचना वन परिक्षेत्राधिकारी उदयपुर द्वारा उनके पत्र क्रमांक/1172 दिनांक 12.10.2020 के माध्यम से प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमण्डलाधिकारी उदयपुर को दी गई।

प्रस्तुतकर्ता अधिकारी एवं वन परिक्षेत्राधिकारी उदयपुर द्वारा प्रकरण की जांच परिक्षेत्र सहायक डांडगांव से कराया गया। तत्पश्चात् प्रस्तुतकर्ता अधिकारी द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक/1786 दिनांक 08.11.2023 के माध्यम से जांच प्रतिवेदन प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी उदयपुर के कार्यालय में राजसात किये जाने की अनुशंसा सहित प्रस्तुत किया गया।

प्रकरण अंतर्गत क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) को वाहन स्वामी का नाम एवं पता प्राप्ति हेतु पत्र लेख किया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा उक्त वाहन के पंजीकृत स्वामी संबंधी जानकारी दिया गया। वाहन के पंजीयन दस्तावेज अनुसार जप्त वाहन के पंजीकृत स्वामी को कारण दर्शाओ सूचना पत्र जारी कर पर्याप्त अवसर दिया गया, परन्तु वाहन स्वामी उपस्थित नहीं हुए।

अतः इस सूचना के माध्यम से अवसर देते हुए सूचित किया जाता है कि उक्त जप्त वाहन में वाहन स्वामी या जिस किसी का भी हित निहित हो, अपने स्वामित्व संबंधी समस्त वैधानिक दस्तावेजों सहित दिनांक 21.11.2024 तक या इसके पूर्व किसी भी कार्यालयीन दिवस को अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई दावा मान्य नहीं होगा एवं उपरोक्त जप्त वाहन शासन के पक्ष में राजसात कर दी जावेगी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं
उप वनमण्डलाधिकारी,
उप वनमण्डल उदयपुर ( छ.ग. )

जी-242503368/1


# प्रा. स्वा. केंद्र सिलौटा में हुआ दो दिवसीय राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक दल का कार्यक्रम

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रतापपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिलौटा में कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा डीपीएम के मार्गदर्शन में दो दिवसीय एनक्वास राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणीकरण अंतर्गत पहले दिन राष्ट्रीय टीम द्वारा संस्था का मूल्यांकन सभी आठ मानक में से प्रथम चरण का मूल्यांकन डॉ. बी. बृजराज एवं डॉ. अंचला द्वारा किया गया। जिसका उद्देश्य संस्था से संचालित सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं में मानक अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सेवाएं संचालित हैं या नहीं को सुनिश्चित करना तथा सेवाओं में हितग्राहियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इसमें अपेक्षित सुधार करना है, नेशनल मूल्यांकन टीम के मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा विभिन्न पहलुओं जिसमें अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण



किया गया है। इनमें उपलब्ध सेवाएँ, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेज, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। गुणवत्ता प्रबंधन के और कई अन्य पहलुओं पर अस्पताल के 8 विभागों का मूल्यांकन किया तथा संस्था एवं आस-पास के फील्ड में पदस्थ सभी स्टाफ, मितानिनो एवं स्वीपर का इंटरव्यू लिया गया। जिसमें सभी खरे उतरे और क्लिनिकल लैब, कोल्ड चौन, मरीज को कैसे ट्रीटमेंट किया जाता है, सभी विभाग की चेकलिस्ट प्रोटोकॉल तथा आधारित पंजी को 'नेशनल टीम के द्वारा असेसमेंट किया गया। इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धरमपुर, रमकोला, पम्पापुर तथा जल्द ही प्रतापपुर ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिलौटा को एनक्यूएएस के लिए सर्टिफाइड की प्रक्रिया किया जाना है। जिससे आम लोगों को स्वास्थ्य केंद्र से बेहतर सुविधाएं प्रदान किया जा सके। प्रतापपुर ब्लॉक को कैसे हम एस्पिरेशनल से इस्पायरेशनल बना सके, इसके लिए सभी स्टाफ को राष्ट्रीय टीम द्वारा ब्रीफिंग आयोजन कर जानकारी दिया गया। मूल्यांकन के दौरान जिले से आई आरएमएंनसीएचए सलाहकार एवं जिला नोडल सुभम श्रीवास्तव, सहयोगी संस्था जपाइगो से रुद्रप्पा अंगाडी, प्रतापपुर के बीएमओ डॉ. विजय सिंह, बीपीएम सतीश श्रीवास्तव, ब्लॉक फेलो एबीपी विनोद प्रजापति बीईटीओ हफिज अंसारी, ब्लॉक टीकाकरण नोडल राजेश वर्मा, बीडीएम विनीत खरे, ब्लॉक नोडल कमलेश सोनी, सोनगरा प्रभारी मीना राजवाड़े, मो. राजा, आरएमएंनसीएच काउंसलर अंजली साहू, ब्लॉक लेप्रोसी नोडल चिरंजीवी सिन्हा, व्हिबीटीएस उत्तरा कुमार, एसटीएस रामबिलास, संस्था के वरिष्ठ एएमओ डॉ. यू.पी. मिश्रा, संस्था प्रभारी जावेद खान एवं संस्था में पदस्थ समस्त स्टाफ, सहयोगी स्टाफ, आरबीएसके चिकित्सक एवं टीम, सेक्टर सुपरवाइजर एवं समस्त आरएचओ, मितानिन कार्यक्रम से बीसी, एम टी एवं क्षेत्र के सभी मितानिन उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उम्दा प्रदर्शन कर मेडल अर्जित करने वाले खिलाडियों का किया गया सम्मान

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिला व विद्यालय का नाम रौशन करने वाले

## पीएमश्री सेजेस के बच्चो ने राज्य स्तरीय शालेय क्रिडा प्रतियोगिता एवं ओपन एथलेटिक्स चैमपियनशिप में किया प्रदर्शन

खिलाडियों का बुधवार को विद्यालय परिवार ने एक कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मान किया। जिला मुख्यालय के नवापारा स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के छात्र छात्राओं ने विभिन्न स्थानों पर आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रिडा प्रतियोगिता एवं ओपन एथलेटिक्स चैमपियनशिप खेलों में शामिल होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ओपन एथलेटिक्स अन्डर 17 कैटेगरी बालक में शुभम सांडिल्य ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय ही नही पुरे जिले को गौरवान्वीत किया साथ ही उन्होने एस.जी.एफ.आई. खेलो में एथलेटिक्स एवं भारतोलन में भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय ही नही पुरे संभाग को गैरवान्वित किया। वहीं एस.जी.एफ.आई. खेलों में नैनसी एक्का ने फैंसींग में सिल्वर मेडल प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इसके अलावा



शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कई विधाओं में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हूए आयुश मिंज ने बास्केटबाल व सायकलिंग जैसी विधाओं में शुभम राजवाडे, राहूल राजवाडे, रितिक सोनवानी ने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। बाक्सिंग प्रतियोगिता में बबिता सिंह एवं ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विद्या सिंह का सहनीय प्रदर्शन रहा। अन्य विधा आर्चरी में अभिज्ञाय यादव ने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हूऐ सरगुजा संभाग का नाम रोशन किया। जिसका सम्पुर्ण श्रेय बच्चो ने अपने विद्यालय के कोच पी.टी.आई. बालेन्द्र साहू एवं अपने परिजन व गुरूजनो को दिया है। नौ छात्र-छात्राओं का सलेक्शन हो कर राज्य स्तरीय शालेश क्रीडा प्रतियोगिता में खेले जिन्हे बुधवार को संस्था में एक कार्यक्रम का आयोजन कर तिलक लगाकर उत्साह वर्धन किया गया।

संस्था के प्राचार्य मनोज कुमार झा द्वारा पुष्प गुच्छ के साथ प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदाय कर उत्साह बढाया और प्राचार्य सहित विद्यालय परिवार ने प्रतिभावान सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं समेत बच्चों उपस्थित थे।


संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 9713108088
8719000259

सरगुजा फ्रंटलाइन

# जागरुकता की कमी से होती है साइबर अपराध की घटनाएं-योगेश पटेल

## 15 दिवसीय साइबर जागरूकता अभियान का सरगुजा पुलिस ने किया समापन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** 15 दिवसीय साइबर जागरूकता अभियान का सरगुजा पुलिस द्वारा समापन किया गया। अभियान के तहत साइबर वालेंटियर द्वारा जिले के स्कूल, कॉलेज, मुख्य खेल मैदान, गार्डन सहित विभिन्न स्थानों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों के लिए साइबर अपराध से जुडी पेंटिंग प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई। समापन के मौके पर पुलिस अधीक्षक ने साइबर वालेंटियर एवं प्रतिस्पर्धा में शामिल बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया।



पुलिस मुख्यालय से जारी दिशा-निर्देशों के परिपालन में सरगुजा जिले मे 05 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक साइबर जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जागरूकता पखवाड़ा के तहत साइबर वालेंटियर्स 15 दिवस तक नवयुवक, छात्र-छात्राओं, महिलाओं, आम नागरिकों, वरिष्ठजनों के बीच पहुंचकर साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने कार्यक्रम आयोजित किए। आम नागरिकों को साइबर फ्रॉड से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में कहा कि साइबर जागरूकता पखवाड़ा का कार्यक्रम साइबर वालेंटियर्स एवं आप सभी के सहयोग से संपन्न हुआ है। प्रत्यक्ष रूप से लगभग 20 हजार आम नागरिकों को कार्यक्रम के जरिए जागरूक किया गया है। उन्होंने कहा जागरूकता की कमी से साइबर अपराध की घटनाएं होती हैं। साइबर अपराधी फर्जी ऑनलाइन डिलीवरी, पार्सल में आपत्तिजनक सामान पकड़े जाने का भय दिखाकर, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट कर सामाजिक प्रतिष्ठा को खराब करने की धमकी देकर, डिजिटल अरेस्ट, सैक्स्टॉर्शन, एटीएम फ्रॉड, नशे के झूठे मामलों में गिरफ्तारी का भय दिखाकर, ठगी एवं दुर्घटना की जानकारी देकर ठगी कारित करते हुए रकम की मांग करते हैं। कई पीड़ितों से लाखों रुपये की ठगी कर ली जाती है। साइबर ठगी के मामलों में त्वरित रिपोर्ट महत्वपूर्ण है, ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु 1930 नंबर पर कॉल करें या नजदीकी पुलिस थाना या साइबर सेल मे अपनी रिपोर्ट दर्ज कराएं, जिससे प्रकरण में त्वरित कार्रवाई कर आम नागरिकों कों त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। साइबर वालेंटियर्स ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि आम नागरिकों के बीच उपस्थित होकर पुलिस मितान के रूप में उन्होंने समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन किया। साइबर जागरूकता पखवाड़ा दौरान साइबर वालेंटियर को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई, जिसका सभी सहयोगियों ने अपने पूर्ण सामर्थ्य से निर्वहन किया। पुलिस वालेंटियर पिछले 02 वर्षों से पुलिस मितान के रूप में सरगुजा पुलिस का सहयोग कर रहे हैं।



### प्रतिभागियों का प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर उत्साहवर्धन

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा साइबर जागरूकता पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में शामिल हुए प्रतिभागियों का प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान होलीक्रॉस स्कूल के एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस कैडेट्स का भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर उत्साहवर्धन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के समापन समारोह मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (ग्रामीण), रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, साइबर वालेंटियर विक्की गुप्ता, अतुल गुप्ता, श्रुति तिवारी, सीमा, बसंत, फैज साहिल, श्रेयांश, सुधा, अनमोल एवं सिदरा शामिल रहे।

# दुर्गा पंडाल से चोरी गई स्कूटी के साथ आरोपी गिरफ्तार




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कोतवाली थाना पुलिस टीम ने दोपहिया वाहन चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया स्कूटी पुलिस ने बरामद किया है।

पुराना बस स्टैंड स्थित दुर्गा बाड़ी के सामने रहने वाले कन्हैयालाल अग्रवाल ने कोतवाली थाना में बीते 11 अक्टूबर को देर शाम चांदनी चैक में मां दुर्गा के पंडाल में दर्शन करने के दौरान अज्ञात लोगों के द्वारा होंडा एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 15 सीएन 1913 के चोरी होने की जानकारी दी थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस टीम घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरी किए गए स्कूटी के पतासाजी में लगी थी। इस दौरान संदेही नईम उर्फ छोटू 27 वर्ष, निवासी मोमिनपुरा को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ की तो उसने चांदनी चैक दुर्गा पंडाल के बाहर से स्कूटी चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने स्कूटी वाहन को बरामद कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, सहायक उपनिरीक्षक विनय सिंह, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, अमित सिंह, आरक्षक दीपक दास, संजय, रमन मण्डल नितिन सिन्हा, विवेक राय शामिल रहे।

# त्योहार के मद्देनजर कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की लगी मजिस्ट्रियल ड्यूटी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** 29 अक्टूबर को धनतेरस एवं 31 अक्टूबर को दीपावली का त्यौहार मनाया जाना है। इस अवसर पर अंबिकापुर के बाजारों में भीड़-भाड़ होना संभावित है। पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें अनुभाग क्षेत्र अंबिकापुर का संपूर्ण प्रभार अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी अंबिकापुर फागेश सिन्हा, वहीं अनुभाग क्षेत्र सीतापुर के सम्पूर्ण प्रभार हेतु अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी सीतापुर हेतु रवि राही, अनुभाग क्षेत्र उदयपुर के सम्पूर्ण प्रभार हेतु अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी उदयपुर बनसिंह नेताम तथा अनुभाग क्षेत्र लुण्ड्रा (धौरपुर) के सम्पूर्ण प्रभार हेतु अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी धौरपुर नीरज कौशिक की ड्यूटी लगाई गई है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र हेतु तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अम्बिकापुर उमेश्वर सिंह बाज को जिम्मेदारी सौंपी गई है। गांधीनगर थाना क्षेत्र हेतु अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अम्बिकापुर चित्रलेखा के. चन्द्रवंशी, मणिपुर थाना क्षेत्र हेतु नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अम्बिकापुर जयेश कंवर की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं पटाखा बिक्री केन्द्र पीजी कॉलेज अम्बिकापुर हेतु नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अम्बिकापुर निखिल श्रीवास्तव, सहायक अधीक्षक कार्यालय भू-अभिलेख अम्बिकापुर प्रांजल गोयल एवं सहायक अधीक्षक कार्यालय भू-अभिलेख अम्बिकापुर संजीत पाण्डेय की ड्यूटी लगाई गई है।

## कीटनाशक का सेवन किए ग्रामीण की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बलरामपुर जिला के रघुनाथनगर थाना अंतर्गत ग्राम पंडरी निवासी देवचन्द बियार पिता स्व. बृजकुमार 44 वर्ष, 22 अक्टूबर की शाम को अज्ञात कारणों से कीटनाशक का सेवन कर लिया। शाम लगभग 6 बजे स्वजनों को इसकी जानकारी मिली और वे उसे क्षेत्रीय अस्पताल से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से जीजा-साला घायल, एक की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार जीजा-साला घायल हो गए। घायल साला की हायर सेंटर ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक सूरजपुर जिले के भैयाथान का राकेश कुमार पिता परमेश्वर चेरवा 21 वर्ष, 21 अक्टूबर की शाम को लगभग 7 बजे अपने जीजा के साथ मोटरसाइकिल में ग्राम कुल्हाड़ी जा रहा था। इसी दौरान खोपा हाईस्कूल के पास अज्ञात वाहन का चालक उसे ठोकर मार दिया। दोनों को स्वजन होलीक्रॉस अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद राकेश को रेफर करने पर स्वजन रायपुर लेकर जा रहे थे, रास्ते में ही अलसुबह 3.30 बजे युवक की तबियत बिगड़ गई। मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

# आईटीआई में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत कार्यक्रम अंतर्गत व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अंबिकापुर में 23 अक्टूबर को जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत कार्यक्रम के अंतर्गत जनजातीय महापुरुषों के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी के तृतीय दिवस व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी कुलसचिव, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि जनजाति व्यंजन में मिलेट्स (कोदो, कुटकी, रागी) की प्रधानता थी। फाइबर व कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा सिंगल डिजिट में होती है जो बीमारियों को दूर करती है, जिससे हमारा शुगर और ब्लड प्रेशर सामान्य रहता है। उन्होंने अपने स्वयं के अनुभव को साझा किया और प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा बनाए गए राजी चिला, मडिया पेज, महुआ लाटा और सभी व्यंजनों की सराहना की, भविष्य में भी ऐसे ही मिलेट को अपने जीवन में प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दूसरे भाग के मुख्य अतिथि उपेंद्र सिंह ओरकरा ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए माता राजमोहिनी देवी के जीवन पर प्रकाश डाला। उनके उपदेशों का अनुकरण करने के लिए प्रेरित किया और जनजातीय कलाकृतियों एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का अवलोकन किया। कार्यक्रम के सहसंयोजक अनविल विमोन मिंज ने आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्रशिक्षणार्थी एवं प्राचार्य पूर्णिमा पटेल, अभिसारिका सिंह प्रशिक्षण अधिकारी, प्रभारी प्राचार्य राजेश सोनी, कार्यक्रम संयोजक श्रीमती संतोष त्रिपाठी एवं संस्था के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रशिक्षणार्थी शामिल रहे। जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत का आगामी कार्यक्रम 25 अक्टूबर को राजीव गांधी पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में होगा।



# जनजातियों के विकास बिना देश का विकास संभव नहीं-प्रबोध मिंज

## होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज अंबिकापुर में 23 अक्टूबर को प्राचार्य डॉ. सि. शांता जोसेफ की अध्यक्षता में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के गान के पश्चात प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के विषय वस्तु एवं आदिवासियों की संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डाला, साथ ही होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज का आदिवासी शिक्षा में योगदान को भी रेखांकित किया। उन्होंने आदिवासी विभूतियों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यशाला की प्रस्तावना का वाचन डॉ. सि. मंजू टोप्पो उप प्राचार्य ने किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह, शॉल एवं पौधा प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कोमुरम भीमङ्गीत का प्रसारण किया गया। मुख्यवक्ता इंदर भगत प्रदेश प्रवक्ता जनजाति गौरव समाज, छत्तीसगढ़ एवं सह संयोजक, जनजाति सुरक्षा मंच ने अपने उद्बोधन में सरगुजा के आदिवासी विभूतियों को याद किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के इतिहास को प्रकाश में लाने की आवश्यकता है, जिससे नई पीढ़ी उनके समाज के योगदानों से सीख सके। उन्होंने कहा आदिवासी संस्कृति देश का प्राण है, इसे हमें संजोना होगा। विशिष्ट अतिथि गोविंदराम चुरेंद्र आयुक्त सरगुजा संभाग ने कहा कि जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। विकसित भारत की कल्पना को साकार करने के लिए हमें आदिवासी जीवन दर्शन को अपनाना चाहिए। हम सब मानव हैं, हर प्रकार के दुराग्रह से परे हमें एक होना होगा। महाविद्यालयीन छात्राओं ने करमा नृत्य, मोनो एक्ट प्रतियोगिता में प्रस्तुति दी, जिसमें प्रथम आयुषी खाखा, द्वितीय अंजू यादव, तृतीय स्थान स्नेहा एक्का ने प्राप्त किया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.पी. त्रिपाठी कुलसचिव संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो जनजातियां हमारे लिए संघर्षशील रहीं, अब हमारी बारी है कि हम भी उनके लिए सम्मान की भावना रखते हुए उनके योगदानों का सम्मान करें। अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमें आदिवासी संस्कृति को अपनाना होगा। छात्राओं ने बिहू नृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि प्रबोध मिंज विधायक लुण्ड्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि जबतक जनजातियों का विकास नहीं होगा तो देश का विकास संभव नहीं है। इस अवसर पर महान आदिवासी विभूतियों की चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन आलोक चक्रवर्ती सहायक प्राध्यापक गणित ने किया। कार्यक्रम का मुख्य संयोजन अल्मा मिंज एवं इंदुमती तिग्गा उप संयोजक किया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन के शिक्षक एवं छात्राओं की उपस्थिति रही ।

# रक्तदान-महादान जैसे पुनीत कार्य में युवा बनें सहभागी-कुलपति

## संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय परिवार ने किया 30 यूनिट रक्तदान

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा, अंबिकापुर के राष्ट्रीय सेवा योजना, शिक्षण विभाग एवं फार्मेसी विभाग और जिला चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान में 23 अक्टूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर के उद्घाटन सत्र में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रेम प्रकाश सिंह ने सभी रक्तदाताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने रक्तदान के महत्व से अवगत कराते हुए युवा वर्ग को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। कुलसचिव डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी एवं डॉ. शारदा भगत ने बच्चों को रक्तदान से संबंधित सभी तथ्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा रक्तदान से किसी भी व्यक्ति का जीवन को बचाया जा सकता है, जो प्रत्यक्ष रूप से हो सकता है। अगर हम स्वेच्छा से कभी भी ब्लड डोनेट करते हैं तो अप्रत्यक्ष रूप से किसी दूसरे को वह ब्लड दिया जाता है, जो कि नि:स्वार्थ भाव से जनकल्याण का माध्यम और बहुत ही परोपकारी सेवा है। रक्तदान शिविर में डॉ. एसएन पांडे समन्वयक, जिला संगठक खेमकरण अहिरवार ने सभी स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी और रक्तदान जीवनदान के महा अभियान में सभी से अपना रक्तदान करने का आह्वान किया। इस दौरान डॉ. जुनैद खान, आनंद कुमार, असीम, डॉ. मनोज कुमार झारिया, मुकेश कुमार नाग, खेमकरण अहिरवार, डॉ. ज्योत्सु दत्ता कार्यक्रम अधिकारी, अनीश अहमद, आरती भगत व सभी अध्यापकों, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के सभी स्वयंसेवकों के द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और 30 यूनिट रक्तदान किया। इस दौरान जिला चिकित्सालय से डॉ. शारदा भगत चिकित्सा अधिकारी, सुमन यादव, गोरिया तिर्की, रीता थॉमस, अंजुला मिश्रा, काउंसलर साक्षी कुशवाहा की उपस्थिति रही।



# बैल की हत्या के मामले में चौकीदार की रिपोर्ट पर 6 लोगों के विरूद्ध केस दर्ज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** वन विभाग के चौकीदार ने बीते 19 अक्टूबर को जंगल क्षेत्र में आधा दर्जन ग्रामीणों के द्वारा बैल की हत्या करने की रिपोर्ट त्रिकुंडा थाना में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। वन विभाग की तरफ से पेड़-पौधों की सुरक्षा के लिए ड्यूटी करने वाले चौकीदार श्यामधारी मराबी ने पुलिस को बताया है कि 19 अक्टूबर, शनिवार की रात को वह अपने साथी चौकीदार रितेश रवि के साथ धमनी मोड़ में रेंज आफिस के नर्सरी की तरफ ड्यूटी कर रहा था, उसी समय रेंज आफिस के दक्षिण तरफ नर्सरी जंगल में लकड़ी काटने जैसा आवाज सुनकर वह अपने साथी रितेश रवि के साथ टार्च जलाते हुए मौके पर पहुंचा तो यहां कुछ लोग बैल काट रहे थे। इनकी पहचान रेंज आफिस के पास रहने वाले करमन रवि, उसके भाई रामचंद्र रवि, रिश्तेदार महेन्द्र रवि, नवाडीह मोरनियापारा के प्रभुदयाल कोड़ाकू, दयाकिश्वर कोड़ाकू, सोनू कोड़ाकू के रूप में की गई है, जो टांगी, चाकू से मवेशी को काट रहे थे।

सिद्धिविनायक फार्मेसी एवं जनरल डिस्ट्रीब्यूटर
हमारे संस्थान में अंग्रेज़ी, आयुर्वेदिक, कॉस्मेटिक, और बेबी केयर, डॉग केयर सुई, बॉटल इंजेक्शन भांप ड्रेसिंग आदि की सुविधा उपलब्ध है, सभी प्रकार के जांच की सुविधा भी उपलब्ध है।
चिकित्सा, प्रयोगशाला एवं डॉक्टर परामर्श सेवाएं
त्वचा संबंधित सभी प्रकार के रोगों एवं पाइल्स का इलाज विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है, शुगर का इलाज आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा किया जाता है।
डॉ. अजीत कुमार दीवान प्रतिदिन उपस्थित रहेंगे
सतीश सुपर मार्केट के सामने फुंदूरडिहारी बीचपारा, अंबिकापुर
Siddhivinayakpharmacy9@gmail.com 8251092655




स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर